मंत्री ने बताया कि असामान्य बारिश के कारण प्रदेश में सार्वजनिक परिसंपत्तियों को भी गंभीर क्षित पहुँची है। इसके पुनर्निर्माण और मरम्मत के लिए सरकार ने 50,308 कार्यों को स्वीकृति प्रदान की है, जिन पर 1,012 करोड़ 61 लाख रुपये की राशि मंजूर की जा चुकी है। इनमें सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा सड़कों की मरम्मत के 14,212 कार्यों पर 293 करोड़ 13 लाख रुपये तथा पुलिया मरम्मत के 1,161 कार्यों पर 7 करोड़ 20 लाख रुपये का व्यय स्वीकृत किया गया है।

जल संसाधन विभाग के 903 कार्यों के लिए 18 करोड़ 67 लाख रुपये, चिकित्सा विभाग के 700 कार्यों के लिए 13 करोड़ 18 लाख रुपये, पंचायती राज विभाग के 873 कार्यों के लिए 19 करोड़ 39 लाख रुपये, पीएचईडी के 17 कार्यों के लिए 22 लाख 69 हजार रुपये तथा शिक्षा विभाग के 24,531 कार्यों पर 486 करोड़ 94 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। महिला एवं बाल विकास विभाग के 7,911 कार्यों के लिए 173 करोड़ 03 लाख रुपये अनुमोदित किए गए हैं।

बारिश और आपदाओं के कारण हुई 112 जनहानि में प्रत्येक मृतक के आश्रितों को 4 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई, जिसके लिए राज्य सरकार द्वारा कुल 4 करोड़ 48 लाख रुपये जारी किए गए हैं। इसके अतिरिक्त पशुओं के नुकसान, घर के सामान, कपड़ों तथा मकानों की मरम्मत हेतु 11 करोड़ 54 लाख रुपये की सहायता भी उपलब्ध कराई गई है।

राज्य सरकार ने कहा है कि वह प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित हर नागरिक के साथ खड़ी है और त्वरित राहत, पारदर्शिता तथा पुनर्वास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है।

# विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

**जयपुर।** विद्याधर नगर थाना इलाके में संदिग्ध परिस्थितियों एक विवाहिता की मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए कांवटिया अस्पताल के मुर्दाघर में भिजवाया। जहां से उसका पोस्टमार्टम करवा शव शनिवार को परिजनों के सुपुर्द कर दिया। वहीं इस मामले को लेकर मृतका की माँ ने दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर दहेज हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

थानाधिकारी नरेंद्र खीचड़ ने बताया कि विवाहिता ज्योति पत्नी महेंद्र सिंह उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद इलाके की रहने वाली थी। इसके पहले पति से इसका तलाक हो चुका था ओर 4 महीने पहले महेंद्र से इसकी शादी हुई थी।मृतका की मां लीला देवी ने मामला दर्ज कराया है कि शादी के बाद से ज्योति के ससुराल वाले उसे दहेज के लिए परेशान कर रहे थे। महेंद्र सिंह, हरफूल जाट ,बजरंग जाट और शंकर जाट के साथ मिलकर उसकी बेटी को 14 नवंबर को गला घोट के मौत के घाट उतार दिया। पुलिस को ज्योति के गले पर चोट के निशान मिले है।

# सरदार पटेल यूनिटी मार्च में देशभक्ति और एकता का संदेश दिया

- भाजपा महामंत्री एवं खंडार विधायक जितेंद्र गोठवाल ने जनसमूह को संबोधित किया



चौथ का बरवाड़ा में भव्य सरदार पटेल यूनिटी मार्च का आयोजन किया ।

**जयपुर/सवाई माधोपुर।** भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं खंडार विधायक जितेंद्र गोठवाल के नेतृत्व में सोमवार को चौथ का बरवाड़ा में भव्य सरदार पटेल यूनिटी मार्च का आयोजन किया गया। गुड़ला वाले हनुमान जी मंदिर से प्रारंभ होकर चौथ का बरवाड़ा ट्रस्ट की धर्मशाला तक निकाले गए इस ऐतिहासिक मार्च ने पूरे क्षेत्र में उत्साह, देशभक्ति और एकता का अनूठा संदेश दिया। मार्च की भव्यता में स्थानीय कलाकारों ने विशेष रंग भरा।

राजस्थानी लोकगीतों, देशभक्ति के नारों, ऊंट-घोड़ों की पारंपरिक झांकियों तथा दंगल कलाकारों के शानदार प्रदर्शन ने वातावरण को जीवंत कर दिया। क्षेत्र के लोगों ने भारी संख्या में भाग लेकर इस आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। यूनिटी मार्च का जगह-जगह विभिन्न समाजों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। लोगों ने पुष्प वर्षा कर कार्यकर्ताओं और कलाकारों का मनोबल बढ़ाया। युवा, बुजुर्ग, महिलाएँ सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मार्च में लगातार जुड़ते गए, जिससे इसका स्वरूप और अधिक विशाल व ऐतिहासिक बन गया।

भाजपा महामंत्री एवं खंडार विधायक जितेंद्र गोठवाल ने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि सरदार पटेल केवल एक नाम नहीं, बल्कि भारत की एकता, अखंडता और दृढ़ नेतृत्व के प्रतीक हैं। उनकी संगठन क्षमता और राष्ट्रिनर्माण की दूरदर्शिता नवभारत की मजबूत नींव है। उनका जीवन हमें कर्तव्य, अनुशासन और राष्ट्रसेवा की प्रेरणा देता है। इस यूनिटी मार्च के माध्यम से क्षेत्रवासियों ने एक स्वर में संदेश दिया एक भारत, श्रेष्ठ भारत, केवल नारा नहीं, हमारा संकल्प है। यूनिटी मार्च में भाजपा जिला अध्यक्ष मानसिंह गुर्जर, मंडल पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई।



## जेवर व नकदी चोरी

**अजमेर** । अलवर गेट थाना क्षेत्र के एक सूने मकान में चोरी की वारदात सामने आई है। पीडित् परिवार अपने बीमार रिश्तेदार से मिलने गया हुआ था, पीछे से चोरों ने मकान के ताले तोडक़र अलमारी में रखे सोने–चांदी के जेवरत सहित नगदी चुरा कर फरार हो गए। पीड़ित ने पुलिस में अज्ञात चोरों के खिलाफ शिकायत दी है।

अलवर गेट थाना पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार केसरी नंदन कॉलोनी निवासी पवन कुमार ने थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ शिकायत देते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। दर्ज शिकायत में पीडित् पवन ने बताया कि उसके ससुर की तबीयत खराब होने पर वह अपनी पत्नी के साथ उनके घर पर सोने गया हुआ था, सोमवार सुबह जब वापस घर पहुंचा तो ताले टूटे हुए मिले। पीडित् ने बताया कि कमरे में रखी अलमारी के ताले टूटे हुए थे, सामान बिखरा पड़ा था।

अज्ञात चोर पत्नी का मंगलसूत्र व एक चांदी का सिक्का और 5 हजार नगदी सहित अन्य सामान चुरा ले गए। अलमारी में तोडफ़ोड़ भी की। पीडित् की शिकायत पर अलवर गेट थाना पुलिस मामला दर्ज कर अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

# सोने की चेन झपटने वाले गिरोह का खुलासा, तीन बदमाश पकड़े

**भीलवाड़ा।** शहर की कोतवाली थाना पुलिस ने सोने की चेन झपटने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए, तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

■ **बाइक पर पीछे बैठे लडके ने गले में पहनी हुई सोने की चैन लूट ली।**

कोतवाल सुनील चौधरी ने बताया कि 12 नवंबर को प्रार्थीया चैना चौधरी निवासी 4 बी 23 न्यू हाउसिंग बोर्ड शास्त्रीनगर ने रिपोर्ट पेश की कि सूर्यमहल होटल से समाज के कार्यक्रम में भाग लेकर घर पर जा रही थी तभी पीछे से नीलकण्ठ कॉलोनी के पास पहुंची तब एक मोटरसाइकिल पर तीन व्यक्ति सवार होकर आये, जिसमें पीछे बैठे लडके ने गले में पहनी हुई सोने की चैन करीब 15 ग्राम को झपटा मारकर लूट ली। मामले में गहनता से जांच शुरू कर पुलिस ने आरोपी शम्भुलाल पिता कालु माली उम्र 18 साल निवासी चापानेरी थाना भीनाई जिला अजमेर हाल निवासी संजय कोलोनी, राहुल कोली पिता डालचंद कोली उम्र 19 साल निवासी गली नम्बर 3 सांगानेरी गेट, और किशन लाल पिता रामलाल माली उम्र 27 साल निवासी शर्मा कोलोनी विजयनगर को गिरफ्तार किया है।



भीलवाड़ा शहर की कोतवाली थाना पुलिस ने सोने की चेन झपटने वाले गिरोह के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

इसके अलावा 6 महीने से इंसाफ की तलाश कर रहे जगदीश चंद्र आचार्य ने परेशान होकर सोमवार को पुलिस की कार्य प्रणाली के विरोध में टावर पर चढ़ गए। उन्होंने अपनी मांग रखी कि 6 महीने पहले हुई चोरी का पता लगाने के साथ ही माल की बरामद किया जाएं। पीड़ित जगदीश चंद्र आचार्य ने बताया कि अप्रैल में उन्होंने अपनी जीवन भर की कमाई से खरीदा हुआ 22 तोला सोना और 4 किलो चांदी अपनी बेटी के यहां पुर स्थित आवास पर रखवाया था। उनके दामाद ने बताया कि चोरी हो जाने से सोना और चांदी दोनों ही गायब हैं।

इसकी सूचना पीडित आचार्य की पत्नी को लगने के साथ ही उनका देहांत हो गया जबकि स्वयं जगदीश बीट इंचार्ज से लेकर आईजी तक कई बार शिकायत कर चुके हैं और चोरी का पता लगाने के लिए गुहार लगा चुके हैं। सभी लोग उन्हें आश्वासन देते हैं लेकिन अभी तक ना तो चोरों का पता लग सका है और ना ही चोरी का माल बरामद किया जा सका।

पीडित जगदीश चंद्र ने बताया कि हिंदुस्तान जिंक में काम किया करते थे उससे मिली पूरी रकम चोरी की वजह से बर्बाद हो चुकी है। उनकी पत्नी का देहांत हो चुका है इसलिए अब जीना नहीं चाहते।

## पत्नी से पीड़ित पति ने की आत्महत्या

**उदयपुर।** ऋषभदेव कस्बे में युवक ने पत्नी से पीड़ित होकर विषाक्त वस्तु सेवन कर आत्महत्या कर ली। ऋषभदेव निवासी विमलेश (45) पुत्र भीमराज प्रजापत ने विषाक्त वस्तु का सेवन कर आत्महत्या कर ली। विमलेश ने विजयनगर गुजरात निवासी कल्पना पुत्री अमृतलाल से विवाह किया था। कुछ समय बाद कल्पना ने विमलेश के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का प्रकरण दर्ज कराया था।

# जैविक खेती के प्रोत्साहन के लिए सुझाव मांगे

**जालोर** । राजस्थान किसान आयोग के अध्यक्ष सी.आर.चौधरी सोमवार को प्रात:काल सर्किट हाउस जालोर में किसानों से संवाद किया तथा कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन एवं संबंद्ध विभागों की समीक्षा बैठक ली।

राजस्थान किसान आयोग के अध्यक्ष सी.आर.चौधरी ने किसानों से संवाद करते हुए कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार किसानों के हित के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। उन्होंने किसानों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का अधिकतम लाभ लेने की बात कही। उन्होंने सर्किट हाउस में आयोजित कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन एवं संबंद्ध विभागों की बैठक के दौरान कृषि विभाग की प्रमुख योजनाओं में फार्म पौण्ड, पाईपलाईन, कृषि यंत्र, तारबंदी, गोवर्धन जैविक उर्वरक योजना, जैविक एवं प्राकृतिक खेती की भौतिक व वित्तीय प्रगति की समीक्षा करते हुए कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. रामलाल जाट से प्रगति की जानकारी ली।



जालोर के सर्किट हाउस में राजस्थान किसान आयोग के अध्यक्ष सीआर चौधरी ने किसानों से संवाद किया । फोटो राष्ट्रदूत

बैठक के दौरान उन्होंने उद्यान विभाग के सहायक निदेशक जोगेन्द्र सिंह को फलदार बगीचा स्थापना के साथ क्षेत्र विस्तार में बढ़ोतरी के सुझाव देने के साथ ही अनार विक्रय के लिए निर्देश दिए। ताकि कृषकों को पैदावार का उचित दाम मिल सकें। उन्होंने जिले में सूक्ष्म सिंचाई संयंत्रों द्वारा की जाने वाली खेती की सराहना की।

उन्होंने अधिकारियों को विभागीय योजनाओं का प्रचार–प्रसार कर अधिकाधिक कृषकों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। जिससे कि देश की कृषि क्षेत्र में प्रगति हो सकें। उन्होंने कृषकों की आर्थिक स्थिति में सुधार करने तथा कृषि पैदावार में बढोतरी के लिए फार्म पौण्ड व जैविक खेती को बढावा देने के लिए विशेष प्रयास करने की बात कहते हुए जैविक खेती के प्रोत्साहन के लिए सुझाव मांगे।

इस दौरान कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक रामलाल जाट ने कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक व सहायक निदेशक कार्यालय के भवन का निर्माण करवाने तथा सांचौर मुख्यालय पर सहायक निदेशक कृषि विस्तार का नये कार्यालय की स्थापना के साथ ही पदों की स्वीकृति की मांग की ताकि दूरस्थ क्षेत्र के कृषकों को कृषि का लाभ मिल सकें। पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. गिरधर सिंह ने मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा के तहत बकरी व भेडों की संख्या बढ़ाने के सुझाव दिए ताकि अधिकाधिक पशुपालकों को लाभ मिल सकें।

इस अवसर पर जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक रामलाल जाट, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. गिरधरसिंह सोढ़ा, उद्यान विभाग के सहायक निदेशक जोगेन्द्र सिंह, कृषि विभाग के सहायक निदेशक जितेन्द्र सिंह व सुभाष गर्ग सहित विभागीय अधिकारी–कार्मिक एवं कृषक उपस्थित रहे।

# ओसियां चाडी चौराहा के पास में रात को बदमाशों के बीच घमासान

**जोधपुर,** (कासं)। जिले के ओसियां चाडी चौराहा के पास गत रात में आपसी अदावत के चलते एक युवक पर कुछ बदमाशों ने कातिलाना हमला किया। सूचना पर पहुंची पुलिस को देख बदमाशों ने अपनी एसयूवी को भगाया और आगे जाकर एसयूवी एक ट्रक 407 से भिड़ गई। हमले और दुर्घटना में छह लोग घायल हुए है। सभी को देर रात में एमडीएम अस्पताल में भर्ती करवाया गया। हमले में घायल की हालत थोड़ी गंभीर बताई जाती है। पुलिस ने गंभीर घायल के पर्चा बयान पर पांच लोगों के खिलाफ हत्या प्रयास में केस दर्ज किया है, जबकि बदमाशों की गाड़ी जिस ट्रक से टकराई उसके चालक ने बदमाशों के खिलाफ दुर्घटना की रिपोर्ट दी है। ओसियां पुलिस ने दो मामले दर्ज किए है। घायलों का पुलिस प्रकरण में जल्द गिरफ्तार कर लेगी। ओसियां थानाधिकारी राजेंद्र चौधरी ने बताया कि फलोदी जिले के मतोड़ा निवासी रावल सिंह और दुर्ग सिंह के बीच पुरानी अदावत चल रही है। रविवार की देर शाम को रावल सिंह चाडी चौराहा पर ढाबे पर बैठा था। इसकी जानकारी मिलने पर कुछ लोग जिनमें बजरंग सिंह, पुखराज लेगा, देवेंद्र, ओमाराम एवं रमेश आदि वहां बोलेरो कैंपर लेकर पहुंचे। हथियारों से लैस इन लोगों ने रावल सिंह पर हमला किया जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। सूचना पर पुलिस ने तत्काल वहां पहुंच कर रावल सिंह को संभाला और तत्काल अस्पताल भिजवाया। बदमाशों के गाड़ी भगाकर ले जाने की जानकारी पर तत्काल पुलिस की तरफ से नाकाबंदी करवाई गई। आरोपी अपनी गाड़ी को लेकर मथानिया से होते हुए थोब की तरफ ले गए।

भागते समय कच्चा रास्ता भी पकड़ा। उनकी तलाश के लिए पुलिस ने मंडोर, करवड़ तक में भी नाकाबंदी करवाई थी।

## उदयपुर को मिला जल सरंक्षण में राष्ट्रीय सम्मान

**उदयपुर।** केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय द्वारा जल संरक्षण एवं संवर्धन को बढ़ावा देने के लिए लागू 'जल शक्ति जनभागीदारी (जेएसजेबी) 1.0' के तहत किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए उदयपुर जिला राष्ट्रीयस्तर पर सम्मानित होने जा रहा है।

उदयपुर को वेस्टर्न जोन में कैटेगरी–2 में तीसरा स्थान मिला है।


**भरतपुर विकास प्राधिकरण, भरतपुर**

क्रमांक :- लेखा/भ.वि.प्रा./2025-26/15657 दिनांक :- 13/11/2025

**ऑनलाईन निविदा सूचना सं. 23/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से भरतपुर विकास प्राधिकरण, में उपयुक्त श्रेणी एवं विभिन्न विभागों में E1/EWSD-1 श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई–प्रोक्योरमेन्ट प्रकिया से कुल 02 कार्यों हेतु ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

उक्त कार्यो का विस्तृत विवरण, निविदा शर्ते, अनुमानित लागत राशि, निविदा बेचने, प्राप्त करने एवं खोलने की दिनांक आदि सम्पूर्ण विवरण वेवसाईट **http://eproc.rajasthan.gov.in, www.urban.rajasthan.gov.in/uitbharatpur** एवं **http://sppp.raj.nic.in** portal पर देखा जा सकता है।

निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार का संशोधन **http://eproc.rajasthan.gov.in** एवं **http://sppp.raj.nic.in** portal का अवलोकन करें।

UBN विवरण :– WAQ2526WSOB00256, WAQ2526WSOB00257

राज.संवाद/सी/25/13965 अधिशाषी अभियन्ता (विद्युत)



**कार्यालय नगर परिषद टोंक**

क्रमांक :–न.प.टोंक / निर्माण / 2025–26 / 10417 दिनांक :– 12.11.2025

**NOTICE INVITING TENDERS THROUGH NIT No. 50/ 2025-26**

Bids are invited from interested bidders from 14.11.2025 (10.00AM) to 24.11.2025 (6.00PM) as per following details. Other particulars of he bid may be visited on procurement portal (www.Sppp.Rajasthan.gov.in) of the state

NIB No. NIB No. DLB2526A8003

| NIT No. | Name of work | UBN No. |
|---|---|---|
| 50/2025-26 | कृषि मण्डी के पास मे महिलाओं के लिए पिंक टॉयलेट ( महिला शौचालय) निर्माण कार्य। (अनुमानित राशि 21.24 लाख) | DLB2526WSOB24036 |

Date & time of opening of tender 25.11.2025 at 3.00 PM

अति0 जिला कलक्टर एवं प्राधिकारी / प्रशासक न0प0टोंक | आयुक्त नगर परिषद, टोंक

राज.संवाद / सी / 25 / 13961



**कार्यालय नगर परिषद टोंक**

क्रमांक :–न.प.टोंक / निर्माण / 2025–26 / 10466 दिनांक :– 12.11.2025

**NOTICE INVITING TENDERS THROUGH NIT No. 54/ 2025-26**

Bids are invited from interested bidders from 14.11.2025 (10.00AM) to 24.11.2025 (6.00PM) as per following details. Other particulars of he bid may be visited on procurement portal (www.Sppp.Rajasthan.gov.in) of the state

NIB No. NIB No. DLB2526A8007

| NIT No. | Name of work | UBN No. |
|---|---|---|
| 54/2025-26 | बनवारी लाल चौराहे के पास महिलाओं के लिए पिंक टॉयलेट ( महिला शौचालय) निर्माण कार्य। (अनुमानित राशि 21.24 लाख) | DLB2526WSOB24040 |

Date & time of opening of tender 25.11.2025 at 3.00 PM

अति0 जिला कलक्टर एवं प्राधिकारी / प्रशासक न0प0टोंक | आयुक्त नगर परिषद, टोंक

राज.संवाद / सी / 25 / 13964



**कार्यालय भू-सम्पत्ति अधिकारी**

स्वामी केशवानन्द राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर

**निविदा सूचना संख्या 10 (2025-2026)**

| | |
|---|---|
| मुख्यालय का नाम | कार्यालय भू–सम्पत्ति अधिकारी, |
| कार्य का नाम | स्वामी केशवानन्द विश्वविद्यालय के अंतर्गत विभिन्न निर्माण कार्य। |
| निविदाओं की कुल लागत | रु. 796.14 लाख |
| निविदा बेचने की अंतिम तारीख | 26.11.2025 को सायं 5:00 बजे तक |
| निविदा प्राप्त करने की अंतिम तारीख | 26.11.2025 को दोपहर 5.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तारीख | 28.11.2025 को दोपहर 11 बजे पश्चात् |

UBN : SKA2526WSOB00106 - 116

आर.पी.डब्ल्यू.ए. 100 एवं Rajasthan Transparency in Public Procurement act 2012 की शर्ते लागू होंगी।

नोट :– निविदा से सम्बन्धित पूर्ण विवरण वेबसाईट **www.raubikaner.org, www.sppp.rajasthan.gov.in, www.dipr.rajasthan.gov.in/tenders.asp** देखा जा सकता है।

राज.संवाद/सी/25/13968 भू-सम्पति अधिकारी



**BIKANER TECHNICAL UNIVERSITY**

Karni Industrial Area, Pugal Road, Bikaner-334004

Ref. No. : BTU/297 Date : 17/11/2025

**Notice Inviting Bid**

Bikaner Technical University invites following bid:

| Sr. No. | Particulars | Estimated Cost | NIB No. | UBN No. | Last Date & Time |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Supply, Installation, Testing and Commissioning of Electronics instruments of IDEA Lab | 30.39 Lacs | BTU2526 A0010 | BTU2526 GLOB00011 | 26.11.2025 (Up to 1.00 PM) |
| 2. | Supply, Installation, Testing and Commissioning of Mechanical instruments of IDEA Lab | 32.15 Lacs | BTU2526 A0011 | BTU2526 GLOB00012 | 26.11.2025 (Up to 1.00 PM) |
| 3. | Supply, Installation, Testing and Commissioning of Workstation and other Misc. instruments of IDEA Lab | 10.71 Lacs | BTU2526 A0012 | BTU2526 GLOB00013 | 26.11.2025 (Up to 1.00 PM) |

Others particulars of the bids can be find on the **www.eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in** of the state and Bikaner Technical University website **www.btu.ac.in.**

Raj.Samwad/C/25/13997 Finance Controller



**राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड**

**ई-निविदा सूचना संख्या-11 और 12 (2025-26)**

केंद्र/ राज्य सरकार के विभागों एवं रा. रा. वि. प्र.नि.लि. के उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत / मान्य व अनुभवी निविदाकारो से ई निविदा सूचना संख्या-11 (2025-26) के क्र० स० 01 से 02 अधिशाषी अभियन्ता (सिविल), रा०रा०वि०प्रसा०नि०लि० रतनगढ व क्र० स० 03 से 05 अधिशाषी अभियन्ता (सिविल), रा०रा०वि०प्रसा०नि०लि० भडला व क्र० स० 06 से 07 अधिशाषी अभियन्ता दितीय (सिविल), रा०रा०वि०प्रसा०नि०लि० बीकानेर व क्र० स० 08 से 11 अधिशाषी अभियन्ता प्रथम (सिविल), रा०रा०वि०प्रसा०नि०लि० बीकानेर के अन्तर्गत कार्यो हेतु प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। एवमं निविदा सूचना संख्या-12 (2025-26) के क्र.स० 01 अधिशाषी अभियन्ता (सिविल), रा०रा०वि०प्रसा०नि०लि० रतनगढ व क्र.स० 02 से 07 अधिशाषी अभियन्ता दितीय (सिविल), रा०रा०वि०प्रसा०नि०लि० बीकानेर व क्र.स० 08 से 15 अधिशाषी अभियन्ता प्रथम (सिविल), रा०रा०वि०प्रसा०नि०लि० बीकानेर व क्र.स0 16 से 18 अधिशाषी अभियन्ता (सिविल), रा०रा०वि०प्रसा०नि०लि० भडला के अन्तर्गत कार्यो हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। इन कार्यों की अनुमानित लागत, निविदा शुल्क, निविदा बेचे जाने तथा खुलने की तारीख, धरोहर राशि व निविदा विशिष्टियां आदि का सम्पूर्ण विवरण वेबसाइट **http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.nic.in. & www.rvpn.co.in** पर देखा जा सकता है।

VPN2526WSOBO2166, 68, 59, 60, 61, 87, 89, 65, 67, 69, 70

VPN2526WSOBO2164, 56, 57, 58, 77, 78, 79, 80, 81, 82, 71, 72, 83, 73, 84, 74, 75, 76

राज.संवाद/सी/25/13985 रा.रा.वि.प्र.नि./TR-7245/2025 अधीक्षण अभियन्ता (सिविल) बीकानेर



**कार्यालय नगरपालिका मण्डल तारानगर (चूरू) राज.**

Office Telephone No. 01561-240245, E-mail- eotrn2009@gmail.com

क्रमांक / न.पा.ता. / 2024–25 / 3944 दिनांक :– 14.11.2025

**पट्टा निरस्तीकरण आदेश**

नगरपालिका तारानगर द्वारा जारी पट्टा के प्रकरण में प्रस्तुत दस्तावेज मिथ्या प्रस्तुत कर पट्टा जारी करवाने पर प्राप्त शिकायत तथा बाद जांच कमेटी रिपोर्ट का अवलोकन करने पर नगरपालिका द्वारा जारी निम्नलिखित पट्टा नगरीय विकास विभाग द्वारा जारी अधिसूचना क्रमांक 03 (50) यूडीएच / 03 / 2012 दिनांक 31.05.2012 के नियम 34 के उल्लेखित शर्त एवं Law (Legislative Drafting) Department (Group-II) Notification Jaipur April 15, 2021 Chapter-III Amendment in The Rajasthan Municipalities Act 2009 4 Insertion of New Section 73 B (Revocation of Allotment and Cancellation of lease deed), Rajasthan Act No. 18 में उल्लेखित प्रावधानुसार पट्टा निरस्त किया जाता है।

| क्र. स. | पट्टा धारक का नाम | पट्टाधारक का पता | मिशल नम्बर | पट्टा संख्या | जारी दिनांक | तादादी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मोहम्मद ईदरीश पुत्र मोहम्मद यासीन | वार्ड नं. 13 तारानगर, चूरू, राजस्थान | 4063 | 2440 | 10.08.2024 | 491.48 वर्गमीटर |

अतः राजस्थान नगरपालिका अधिनियम 2009 की धारा 73–बी में प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुये पट्टे के पेटे जमा समस्त राशि को राज सात कर उपरोक्त सूचीबद्ध पट्टा को निरस्त किया जाता है यह पट्टा निरस्तीकरण आदेश मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 14.11.2025 को जारी किया जाता है।

राज.संवाद / सी / 25 / 14013 अधिशाषी अधिकारी



प्रपत्र संख्या 7 (देखिये नियम 21)

**कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग, अजमेर**

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस

समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर DEV/AJMER-I/TRUST/2025/380 चूंकि प्रार्थी श्री थोबी जॉर्ज 10, दादा भाई कॉलोनी अजंता के पास, अजमेर (राजस्थान) 305001 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत प्रन्यास अपना थियेटर संस्थान अजमेर10, दादा भाई कॉलोनी अजंता के पास, अजमेर (राजस्थान) 305001 के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।

अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें। और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 10.10.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइदा तारीख पेशी 19.12.2025

मोहर अदालत सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग, अजमेर



**Office of the Executive Engineer, PHED Distt Rural Div. I Bikaner**

Email ID- eepheddn1bkn@gmailcom Contact No. 0151-2941473

No. 2490-2500 Date: 11.11.2025

**Notice Inviting Bid: 75-76/2025-26**

Bid for various works are invited to registered interested bidder upto 24.11.2025 upto 02.00 PM. Other particulars of bid may be visited on the Procurement Portal http://eproc.rajasthan.gov.in and http://sppp.raj.nic.in of the state. The approximate value of the procurement of Rs. 100.00 Lacs.

UBN NO. PHE2526WSRC08398, PHE2526WSRC08399

*जल सीमित है, इसकी बचत करें।*

(Ram Prakash Meena) Executive Engineer PHED, Distt (R) Div I Bikaner

DIPR/C/16728/2025



**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग खण्ड करौली**

क्रमांक-Rajkaj-3337-3357 दिनांक-10.11.2025

**ई-निविदा सूचना संख्या-13/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से विभिन्न कार्यो के लिए उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/कन्द्रीय लोक निर्माण/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि के पंजीकृत संवेदकों जो कि राज्य सरकार के "एए" "ए" "बी" "सी" एवं "डी" श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो से कार्यो हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी। निविदाओं से संबंधित विवरण वेबसाईट www.sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

NIB CODE-PWD2526A4257, UBN NO. 1. PWD2526WSOB16577, 2. PWD2526WSOB16580, 3. PWD2526WSOB16581

DIPR/C/16751/2025 अधिशाषी अभियन्ता सा.नि.वि. खण्ड करौली



**EXECUTIVE ENGINEER KANWARSAIN LIFT DIVISION IGNP LUNKARANSAR**

8306500456, email: xenksl@gmail.com, xenksl.ignp@rajasthan.gov.in

N.I.B. No. 03/2025-26/3727 **Notice Inviting Bid** Date: 07.11.2025

(NIB CODE IGB2526A0095)

Bid for the & Nos work estimated cost Rs. 3.88 Lac to 96.53 Lac of invited from propective bidders upto 19.11.2025 at 6.00 PM. Other particulars of the bids may be visited on the procurement portal http://www.eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in of the state and www.water.rajasthan.gov.indepartmental website.

UBN NO. IGB2526WSOB00439, IGB2526WSOB00440, IGB2526WSOB00441, IGB2526WSOB00442, IGB2526WSOB00443, IGB2526WSOB00444, IGB2526WSOB00445, IGB2526WSOB00446

(RAMSWARUP SOHU) Executive Engineer Kanwarsain Lift Dn IGNP Lunkaransar.

DIPR/C/16766/2025



**जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड**

(पदार्थ प्रबन्ध एवं अनुबन्ध शाखा) नया पावर हाऊस परिसर, हैवी इंडस्ट्रीयल एरीया, जोधपुर-342003

**ई-निविदा सूचना**

एल.टी. क्रोस आर्म 600 एम.एम. क्लैंप सहित, एल.टी. क्रोस आर्म 1200 एम.एम. क्लैंप सहित TN-2091 (UBN JVV2526GLOB00727), की खरीद हेतु ई-निविदा आंमत्रित की जाती हैं।

अन्य विवरण जैसे निविदा मुल्य, धरोहर राशि, निविदा प्रस्तुत करने / खुलने की तिथि का विवरण इत्यादि वेबसाईट **www.energy.rajasthan.gov.in/jdvvnl** एवं **http://sppp.rajasthan.gov.in** द्वारा जानी जा सकती हैं।

राज.संवाद/सी/25/13992 अधीक्षण अभियंता (पदार्थ प्रबंध एवं अनुबंध)

बिजली संबंधी शिकायतों के लिए टोल फ्री नम्बर 1800 180 6045



**कार्यालय उपखण्ड अधिकारी एवं उपखण्ड मजिस्ट्रेट, कोटा**

Email-sdokot-kot-rj@nic.in, 0744-2325871

क्रमांक :- वसूली/अ.प्र./2025/2383 दिनांक :- 04/11/2025

जरिये : सचिव कृषि उपज मंडी इटावा।

**नीलामी विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कृषि उपज मंडी समिति इटावा व 102 किसानों की बकाया राशि वसूली बाबत् भू-राजस्व अधिनियम की धारा 229 सपठित धारा 256-257 के अन्तर्गत प्रकरण संख्या 20/2022-2023, कृषि उपज मंडी बनाम कृष्णा ट्रेडिंग कम्पनी इटावा कोटा मालिक मैना गर्ग पत्नि अरविन्द गोयल निवासी बी-75 शुभ आंगन कॉलोनी रायपुरा कोटा की इस कार्यालय के कुर्की आदेश कमांक/वसूली/2022/563, दिनांकः 12/10/2022 तथा 662 दिनांक 28.12.2022 की पालना में तहसीलदार लाडपुरा कोटा द्वारा बाकीदार मैना गर्ग की कुर्कशुदा अचल सम्पत्ति राजस्व ग्राम कसार की ख० संख्या 1863/1074 क्षेत्रफल 0.72 है0 (0.04 है० बा.प्र. भूमि तथा 0.68 आद्योगिक प्रयोजनार्थ सम्परिवर्तित) भूमि तथा कुर्कशुदा मकान बी-75, शुभ आंगन कॉलोनी, रायपुरा कोटा की अलग-अलग सार्वजनिक नीलामी दिनांकः 08/12/2025 को स्थान तहसील कार्यालय लाडपुरा कोटा पर प्रातः 10 बजे से 4 बजे तक पुकरवाई जाएगी।

अतः इच्छुक व्यक्ति बोली लगाने हेतु दिनांक 08/12/2025 को मौके पर उपस्थित होकर बोली लगावें।

**बोली की शर्ते :**

1. बोलीदार को बोली लगाने से पूर्व 10,000/- रू राशि जमा करवानी होगी।
2. बोली समाप्त होने पर बोली की चौथाई राशि जमा तुरन्त करानी होगी।
3. बोली को स्वीकृत करने/नहीं करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरकर्ता को होगा।
4. बोली स्वीकृत होने पर शेष राशि 15 दिवस में जमा करानी होगी। उक्त अवधि में राशि जमा नहीं होने की स्थिति में चौथाई राशि जब्तराज कर पुनः नीलामी की कार्यवाही प्रारम्भ की जावेगी।
5. अन्य शर्तें जो वक्त बोली निर्धारित की जावे वो राज० राज भू-राजस्व अधिनियम के तहत ही मान्य होगी।

राज.संवाद/सी/25/13975 उपखण्ड अधिकारी



**जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड**

प्रभास्मि शशि सूर्ययोः

कार्यालय संभागीय मुख्य अभियंता (भरतपुर संभाग) पावर हाउस के पास, मोतीझील, भरतपुर (ई-मेल - zcebz@jvvnl.org फोन नं.-05644-236080)

**ई-निविदा सूचना**

टी.एन.–56, 57 एवं 58 के लिए योग्य निविदादाताओं ऑनलाईन–निविदा दो भागों (तकनीकी–वाणिज्यिक), में श्रम दर पर आमंत्रित किऐ जाते है। टी.एन. -56:- सहायक अभियन्ता (एच.टी.एम.), जयपुर डिस्कॉम, भरतपुर के अन्तर्गत भरतपुर वृत में 33 / 11 केवी सब–स्टेशन जाटोली रतभान का निर्माण मय 33 केवी लाईन व 11 केवी लाईन खीचने का कार्य निगम एआरसी दर पर करने के लिये। टी.एन. -57:- सहायक अभियन्ता (एच.टी.एम), जयपुर डिस्कॉम, गंगापुरसिटी के अन्तर्गत सवाईमाधोपुर वृत में 33 / 11 केवी सब–स्टेशन थडी का निर्माण मय 33 केवी लाईन व 11 केवी लाईन खीचने का कार्य निगम एआरसी दर पर करने के लिये। टी.एन. -58:- सहायक अभियन्ता (एच.टी.एम.), जयपुर डिस्कॉम, हिण्डोन के अन्तर्गत करौली वृत में 33 / 11 केवी सब–स्टेशन महसवा का निर्माण मय 33 केवी लाईन व 11 केवी लाईन खीचने का कार्य निगम एआरसी दर पर करने के लिये। योग्य निविदादाता सम्पूर्ण निविदा सम्बन्धित दस्तावेज ई–प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल **http://www.eproc.rajasthan.gov.in** पर दिनांक 14.11.2025 से डाउनलोड कर सकते है। निविदाऐं ऑनलाईन ई–पोर्टल पर दिनांक 27.11.2025 (सायं 5:00 बजे) तक ही स्वीकार की जावेगी। निविदा सम्बन्धी जानकारी, कार्य का विवरण इत्यादि जयपुर विद्युत वितरण निगम की वेब साईट **www.energy.rajasthan.gov.in/jvvnl, http://www.sppp.rajasthan.gov.in & http://www.eproc.rajasthan.gov.in** से प्राप्त की जा सकती है।

(TN-56, UBN : VVN2526WSOB00490)

(TN-57, UBN : VVN2526WSOB00491)

(TN-58, UBN : VVN2526WSOB00492)

राज.संवाद/सी/25/13990 जेपीआर - 3080 (2025) संभागीय मुख्य अभियन्ता (भरतपुर संभाग)

बिजली शिकायतों के लिए टोल फ्री नम्बर 1800 180 6507



**कार्यालय नगर परिषद् सलूम्बर, जिला सलूम्बर (राज.)**

क्रमांकः न.प.स / स्टोर / 2025–26 / 1866–67 दिनांक :– 12.11.2025

**ई– निविदा सूचना – वित्तिय वर्ष 2025–26**

नगर परिशद् कार्यालय सलूम्बर द्वारा नगर परिशद सलुम्बर एवं राजस्थान सरकार के समुचित वर्ग के सूचीबद्ध ठेकेदारो / संवेदकों एवं केन्द्रीय सरकार / राज्य सरकार व उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के विभिन्न उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो उनसे निर्धारित निविदा प्रपत्र में ई–प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विवरण इंटरनेट साईट www.sppp.rajasthan.gov.in, www.eproc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

| | |
|---|---|
| कुल निविदा के कार्य | कुल 04 कार्य |
| निविदा की अनुमानित लागत | राशि रु. 95.00 लाख |
| ऑन लाईन निविदा फार्म मिलने की तारीख | 13 / 11 / 2025 दोपहर 04.00 बजे से 23 / 11 / 2025 सांय 06.00 बजे तक |
| ऑन लाईन निविदा फार्म जमा कराने की तारीख | 13 / 11 / 2025 दोपहर 04.00 बजे से 23 / 11 / 2025 सांय 06.00 बजे तक |
| भौतिक रूप से नगर परिषद् कार्यालय में डी.डी. जमा कराने की दिनांक | 24 / 11 / 2025 दोपहर 12.30 बजे तक |
| ऑन लाईन निविदा खोलने की तारीख | 24 / 11 / 2025 सांय 02.30 बजे |

NIB CODE: - DLB2526A8009

UBN

| | |
|---|---|
| 1. DLB2526SLOB24042 | 2. DLB2526SLOB24044 |
| 3. DLB2526SLOB24045 | 4. DLB2526SLOB24046 |

सभापति नगरपरिषद् सलूम्बर | आयुक्त नगरपरिषद् सलूम्बर

राज.संवाद / सी / 25 / 13947



**राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड**

छबड़ा सुपर क्रिटिकल थर्मल पॉवर स्टेशन, छबड़ा (राज.)

**ऑनलाइन/ऑफलाइन निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य / वार्षिक अनुबन्ध / सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदाऐं आमंत्रित की जाती है: 35(RVU2526WSOB01595) सीडब्ल्यू और एसीडब्ल्यू सिस्टम के संचालन एवं रूटीन, ब्रेकडाउन, कैपिटल मेंटेनेंस, 36(RVU2526SLOB01584) टीजी बिल्डिंग, सर्विस बिल्डिंग, बॉयलरएवं ईएसपी ट्रेक्शन एलिवेटर्स का रखरखाव, 37(RVU2526WSOB01568) ऑनलाइन सीलिंग तकनीक द्वारा इकाइयों के किसी भी शटडाउन के बिना ऑनलाइन लीकेज अटेंड करने के लिए रखरखाव, 38(RVU2526WSOB01586) सिविल आर एंड एम कार्य, 39(RVU2526SSOB01599) ट्रेवी परीक्षण विधि द्वारा ऑनलाइन सेफ्टी वाल्व सेटिंग, 40(RVU2526SSOB01592) विभिन्न प्रकार के 13 आर.ओ. वाटर प्यूरीफायर सिस्टम का रखारखाव, 41(RVU2526WSOB01569) बॉयलर फीड पंपस डिस्चार्ज कवर की रिपेयरिंग / रिकंडिशनिंग, 42(RVU2526SLOB01579) फायर फाइटिंग और रूटीन कार्यो व अन्य सम्बंधित कार्यो को करने में सहायता, 43(RVU2526WSOB01589) नियंत्रण कक्ष भवन, टरबाइन फ्लोर और डिरेटर क्षेत्र आदि की सफाई और हाउसकीपिंग, 44(RVU2526WSOB01594) फील्ड हॉस्टल और मल्टी–स्टोरी R-3 & R-4 टाइप क्वार्टरों के लिए सिविल कार्य, 45(RVU2526WSOB01596) 6x1000 मीट्रिक टन आरसीसी मुख्य साइलो / 2x400 मीट्रिक टन इंटरमीडिएट सर्ज हॉपर (आपात स्थिति में) से फ्लाई ऐश को ऐश डाइक या किसी अन्य निर्धारित स्थान तक एकत्रित / उठाने एवं निपटान करने तथा ऐश को ऐश डाइक क्षेत्र में फैलान, 46(RVU2526WSOB01590) क्षतिग्रस्त TW सीरीज APH ड्राइव यूनिट गियर बॉक्स की पूर्ण मरम्मत / पुनर्निर्माण / नवीनीकरण, 47(RVU2526SSOB01585) ऑनलाइन डेटा मॉनिटरिंग का रखरखाव, 48(RVU2526SLOB01572) डीसीएस, पीएलसी, कॉमन सिस्टम और डेल / एचपी के ऑफिस कार्य डेस्कटॉप और अन्य मेक सर्वर वर्कस्टेशन, सीपीयू, मॉनिटर, लेपटॉप (डेल / एचपी) और प्रिंटर की मेंटेनेंस, 49(RVU2526WSOE01574) रेक्टिफायर ट्रांसफार्मर्स और ईएसपी नियंत्रकों के रूटीन, ब्रेकडाउन और कैपिटल मेंटेनेंस, 50(RVU2526WSOB01598) बॉटम ऐश हैंडलिंग सिस्टम के रूटीन, ब्रेकडाउन, कैपिटल मेंटेनेंस और संचालन में सहायता, 51(RVU2526WSOB01587) विभिन्न भवनों के क्षतिग्रस्त रोलिंग शटरों की मरम्मत, रखरखाव और प्रतिस्थापन, 52(RVU2526WSOB01600) डेन्स फेज ड्राई फ्लाई ऐश हैंडलिंग सिस्टम के रूटीन, ब्रेकडाउन, कैपिटल मेंटेनेंस और संचालन में सहायता, 53(RVU2526SLOB01552) ड्राइवरों सहित 05 एसी मारुति स्विफ्ट डिजायर या समकक्ष सेडान वाहन (वर्ष 2025 या बाद के) हायरिंग के लिए दो वर्ष का अनुबंध, 624(RVU2526GLOB01573) सीए, एएचपी और टीजी क्षेत्र ईओटी क्रेन के लिए ईओटी क्रेन रिमोट कंट्रोल सिस्टम का ईटीसी कार्य और क्रेन और हॉइस्ट के लिए पेंडेंट और रिमोट कंट्रोल सिस्टम, 627(RVU2526GLOB01553) बेल्ट वॉच सेंसर्स और स्विचेस, 630(RVU2526GLOB01583) न्यूमेटिक स्मार्ट पोजिशनर्स, 633(RVU2526GLOB01555) एयर ऑयल कूलर, 635(RVU2526GSOB01577) प्रॉक्सिमिटी स्विचेज, 636(RVU2526GLOB01582) पीएच कंडक्टिविटी और फ्री क्लोरीन एनॉलाइजर्स, 638(RVU2526GLOB01558) TN-638(MM) के अगेनस्ट दो मल्टीपर्पज फायर टेण्डर (RJ-28EA-0956 और RJ-28EA-0957) के स्पेयर / सहायक उपकरण, 641(RVU2526GLOB01559) फिल्टर्स, 643(RVU2526GLOB01563) वैगन टिपलर और साइड आर्म चार्जर के मैकेनिकल स्पेयर्स, 631(RVU2526GSOB01575) नॉन मैटेलिक एक्सपेंशन बैलोंज और फैब्रिक बैलोंज, 632(RVU2526GSOB01554) इलेक्ट्रो हाइड्रोलिक थ्रस्टर ब्रेकर्स, 634(RVU2526GSOB01556) कार्डन शाफ्ट, 637(RVU2526GSOB01571) डिटेक्टरों और स्पेस हीटर एवं 642(RVU2526GSOB01561) विभिन्न प्रकार के एनामेल पेंट की आपूर्ति। विस्तृत विवरण वेबसाइट **http://eproc.rajasthan.gov.in** (ई–निविदा हेतु), **www.energy.rajasthan.gov.in/rvunl** एवं **www.sppp.rajasthan.gov.in** पर उपलब्ध है।

राज.संवाद/सी/25/13989 RVUN/PR-4297 अति. मुख्य अभियन्ता (ओ. एण्ड एम.)



**कार्यालय नगर परिषद,दौसा (राजस्थान)**

क्रमांकःन.प.दौ / निर्माण / 2025 / 4577 दिनांक 13.11.2025

**ई–निविदा सूचना /**

नगर परिषद दौसा द्वारा निम्न कार्यो हेतु वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिये नगर परिषद दौसा द्वारा निम्न कार्य कराये जाने हेतु सेवाओं (सफाई) में इच्छुक एवं अनुभवी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई–प्रोक्यूमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन दर संविदा हेतु निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। ई–निविदा से संबंधित विवरण Website: http://eproc.rajasthan.gov.in/ Download एवं Upload व http://sppp.rajasthan.nic.in से Download की जा सकती हैं :–

| निविदा के कुल कार्यो की संख्या | निविदा प्रकाशन तिथि | निविदा Download/Upload करने की अंतिम दिनांक एवं समय | प्रोसेसिंग शुल्क, निविदा शुल्क एवं धरोहर राशि भौतिक रूप में जमा कराने की दिनांक व समय | ऑनलाईन निविदा की बिड खोलने की दिनांक व समय | UBN No. |
|---|---|---|---|---|---|
| 05 | 13.11.2025 | 22.11.2025 को 6.00 पीएम तक | 24.11.2025 11.00 एएम तक | 24.11.2025 दोपहर 2.00 बजे पश्चात्। | DLB2526SLRC24022, DLB2526SLRC24023, DLB2526SLRC24024, DLB2526SLRC24025, DLB2526SLRC24026 |

राज.संवाद / सी / 25 / 13952 आयुक्त नगर परिषद, दौसा

# आदिवासी इलाकों में जाएगा गायत्री परिवार

**जयपुर।** गायत्री परिवार आदिवासी क्षेत्रों में जाकर उन्हें नशा मुक्त बनाएगा और उनमें सनातन के संस्कारों का बीजारोपण करेगा। इस आशय का निर्णय अखिल विश्व गायत्री परिवार की ओर से किरण पथ मानसरोवर स्थित वेद माता गायत्री वेदना निवारण केन्द्र में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला में लिया गया। गायत्री परिवार की संस्थापक भगवती देवी शर्मा और शांतिकुंज हरिद्वार में 99 साल से प्रज्जवलित अखंड दीपक की जन्मशताब्दी के लिए तैयार की गई व्यापक कार्ययोजना में आदिवासी अंचल में जाकर वहां तीन दिन तक कार्यक्रम करने को प्राथमिकता पर रखा गया है। वक्ताओं ने कहा कि आदिवासी भाइयों को लोग गुमराह कर रहे हैं। यह समाज पशु-पक्षियों के शिकार तक सीमित हो रहा है। उन्हें साजिश के तहत नशेड़ी बनाया जा रहा है। उनके बीच जाने से ही स्थिति बदलेगी। इसके लिए 2025 की शुरुआत में अनेक टोलियां आदिवासी बाहुल्य इलाकों में जाएगी। इसके लिए आदिवासी क्षेत्र में पहले से कार्य कर रहे लोगों का सहयोग भी लिया जाएगा। कार्यशाला में कई निर्णय लिए गए। इनमें 125000 कन्याओं को प्रशिक्षित करना उल्लेखनीय है। साथ ही 108 कन्याओं के विशेष प्रशिक्षण शिविर की घोषणा भी की गई।

# रनिंग कर्मचारियों के मुद्दों पर निर्णय नहीं लिए जाने पर विरोध-प्रदर्शन किया

**जयपुर।** ऑल इंडिया रेलवे फेडरेशन के आव्हान पर नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे एम्प्लाइज यूनियन महामंत्री मुकेश माथुर के निर्देश पर नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे एंप्लॉयीज यूनियन के बैनर तले सोमवार को उत्तर पश्चिम रेलवे स्थित विभिन्न रनिंग लॉबी पर रेलवे बोर्ड द्वारा रनिंग कर्मचारियों के मुद्दों पर निर्णय नहीं

■ जोनल प्रशासन द्वारा मनमर्जी से कार्यवाही करने के विरुद्ध विरोध प्रदर्शन किया

लिए जाने एवं जोनल प्रशासन द्वारा मनमर्जी से कार्यवाही करने के विरुद्ध में लोको पायलट एवं गाड़ी प्रबंधक संयुक्त लॉबी जयपुर पर मंडल अध्यक्ष के एस अहलावत, मंडल मंत्री राकेश यादव एजीएस गोपाल मीना की अगुआई में रेल कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन किया है।

यूनियन के सहायक मण्डल मंत्री अनूप कुमार शर्मा ने बताया कि आल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन की कोलकाता में विगत दिनों सम्पन्न कार्यकारिणी की बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार यह प्रदर्शन पूरे देश में किया गया। उन्होंने बताया कि महंगाई भत्ते के 50 हो जाने पर 25 की दर से सभी भत्तों में वृद्धि कर दी गई है, लेकिन रनिंग कर्मचारियों के किलोमीटर भत्ते में अभी तक वृद्धि नहीं हुई है। इसी प्रकार किलोमीटर भत्ते के 70 भाग को आयकर से मुक्त करने का निर्णय अभी तक सरकार ने नहीं लिया है।

उत्तर पश्चिम रेलवे पर मनमर्जी से क्रू वर्किंग में बदलाव किया जा रहा है, और रेवाड़ी लॉबी और जयपुर मण्डल के गाड़ी प्रबंधकों एवम लोको पायलटों सहायक लोको पायलटों समेत रनिंग स्टाफ का तबादला किया जा रहा है जबकि लोको पायलट (मालगाड़ी) के पदों पर प्रधान कार्यालय के निर्देशों के बावजूद पदोन्नित नहीं हो रही है, एकतरफा निर्णय करके नई लॉबी खोली जा रही है एवं कैडर रिव्यू इस वर्ष का अभी तक जारी नहीं किया गया है। इन सभी मुद्दों पर लोको पायलट, ट्रेन मैनेजर, सीएलआई एवं अन्य रनिंग कर्मचारी अपना रोष प्रकट किया। यह विरोध प्रदर्शन उत्तर पश्चिम रेलवे पर जयपुर, अजमेर, जोधपुर, बीकानेर, मण्डल की विभिन्न लॉबियो अजमेर, आबू रोड, उदयपुर, जयपुर, फुलेरा, बांदीकुई, रेवाड़ी,बीकानेर, भिवानी, हिसार, हनुमानगढ़, सूरतगढ़, चूरू, जोधपुर, मेड़ता रोड एवं समदड़ी लॉबी पर आयोजित किया गया।



मंडल अध्यक्ष के एस अहलावत, मंडल मंत्री राकेश यादव एजीएस गोपाल मीना की अगुआई में रेल कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन किया।

# 6 दिवसीय कार्यशाला संपन्न

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस ने इंडिया पुलिस फाउंडेशन के मार्गदर्शन में एक महत्वाकांक्षी जागरूकता कार्यक्रम शुरू किया ,जिसका उद्देश्य कक्षा 9 से 12 तक के छात्र-छात्राओं को पुलिस के व्यापक उत्तरदायित्वों और सामुदायिक सुरक्षा में उनकी भूमिका के बारे में शिक्षित करना है। महानिदेशक पुलिस राजीव शर्मा एवं अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस कम्यूनिटी पुलिसिंग लता मनोज कुमार के निर्देशन व नोडल अधिकारी पंकज चौधरी के नेतृत्व में मुख्य प्रबन्धक आइपीएफ पूनम

■ महत्वाकांक्षी जागरूकता कार्यक्रम शुरू किया

अरोड़ा और सेवानिवृत्त आईपीएस विमला मेहरा के सहयोग से यह कार्यक्रम जयपुर शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के दो चयनित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों लक्ष्मण डूँगरी,गलतागेट और एस.के.एन. विद्यालय जोबनेर में शुरू हुआ। आईपीएस ने इस पहल के महत्व को रेखांकित किया।कम्युनिटी पुलिसिंग को भविष्य की पुलिसिंग के तौर स्थापित करने के साथ उन्होंने बताया कि विशेष कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य छात्रों की सुरक्षा, अपराध रोकथाम और सामुदायिक कल्याण में पुलिस अधिकारियों की बहुमुखी भूमिकाओं के प्रति जागरूकता और समझ को बढ़ाना है।

# अश्लील वीड़ियों वायरल करने की धमकी देकर किया दुष्कर्म

**जयपुर।** खोह नागोरियान थाना इलाके में एक शातिर बदमाश ने चोरी-छिपे युवती का अश्लील वीड़ियों बना लिया और वायरल करने की धमकी दे उसके साथ दुष्कर्म किया। जिसके बाद शातिर बदमाश आए दिन युवती को ब्लैकमेल करने लगा। रोज-रोज की धमकियों से परेशान होकर युवती ने मामले की जानकारी अपने परिजनों को दी। गुस्साए परिजनों ने पीड़िता को थाने ले जाकर आरोपी युवक के खिलाफ ब्लैकमेलिंग और दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया। पुलिस ने बयानों के आधार पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरु कर दी है।

थानाधिकारी ओम प्रकाश मातवा ने बताया कि थाना इलाके में रहने वाली 19 वर्षीय युवती ने मामला दर्ज कराया है कि परिचित होने के कारण आरोपी का घर पर आना-जाना था और अक्सर मोबाइल पर उससे बातचीत होती रहती थी। आरोप है कि आरोपी परिचित ने चोरी-छिपे उसका अश्लील वीड़ियों बनाया और खुद के मोबाइल पर उसे दिखाया। आरोपी अश्लील वीडियों वायरल कर उसे

■ शातिर बदमाश ने चोरी-छिपे युवती का अश्लील वीड़ियों बना लिया और वायरल करने की धमकी दे उसके साथ दुष्कर्म किया। जिसके बाद शातिर बदमाश आए दिन युवती को ब्लैकमेल करने लगा

बदनाम करने की धमकी देने लगा। आरोपी ने वीड़ियों वायरल करने की धमकी देकर उसे डिलिट करने का झांसा दे दुष्कर्म किया। जिसके बाद वो आए दिन उसे ब्लैकमेल करने लगा। आए दिन मिल रहीं धमकियों से परेशान होकर पीड़िता ने मामले की जानकारी अपने परिजनों को दी और उनके साथ थाने पहुंच पुलिस को मामले से अवगत कराया। पुलिस ने बयानों के आधार पर आरोपी परिचित के खिलाफ मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरु कर दी है।

# पंच कुंडीय यज्ञ आयोजित

**जयपुर।** अग्रसेन महासभा ट्रस्ट जयपुर के तत्वावधान में गीता मंदिर सेक्टर 2 जवाहर नगर में अन्नकूट महोत्सव एवं महालक्ष्मी के पंच कुंडीय महायज्ञ आचार्य पंडित राजकुमार शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ मुख्य संयोजक गिरिजा शंकर तुरकाशवाला ने बताया कि आयोजन में समाज के बंधुओ ने भारी संख्या में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ। इस मौके पर भक्त जन गाजे बजे के साथ गीता मंदिर से नाचते गाते कलश यात्रा फेरी के लिए रवाना हुए।

मुख्य संयोजक तुरकाशवाला अपने हाथों में ध्वजा लिए कलश यात्रा में आगे चल रहे थे, यजमान महिलाएं अपने पति का अंग वस्त्र अपने आंचल से बांधकर पवित्र अग्नि कलश अपने सिर पर धारण कर चल रही थी कलश यात्रा यज्ञशाला में पहुंचने पर यज्ञशाला में यज्ञ भगवान की पूजा कर उत्तम मुहुर्त में अग्नि कलश अपने पति के हाथों में सौंप कर यज्ञ वेदी में अग्नि अर्पित करने का आग्रह किया।, यजमान अग्नि कलश अपने हाथों में लेकर उसे अपने मस्तक से लगाकर पवित्र अग्नि को यज्ञ वेदी में अर्पित किया।

# चैटबॉट के माध्यम से बीमार पशुओं के इलाज में अभूतपूर्व पहल

**जयपुर।** राजस्थान में पशुपालन विभाग ने तकनीकी नवाचार की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए बीमार पशुओं के उपचार हेतु 'चैटबॉट प्रणाली' की शुरुआत की है। इस अनूठी पहल से अब पशुपालक अपने पशुओं की बीमारी, लक्षण और संबंधित समस्याओं की जानकारी सीधे विभाग के विशेषज्ञ चिकित्सकों तक पहुँचा रहे हैं और उन्हें त्वरित चिकित्सा परामर्श प्राप्त हो रहा है। पिछले छः महीने के दौरान प्रदेश में 82713 पशुपालक इस माध्यम से जुड़ कर सलाह ले चुके हैं और 65490 पशुओं को चिकित्सा सहायता दी जा चुकी है।

केंद्रीय राज्यमंत्री बघेल ने पशुपालन विभाग राजस्थान के इस नवाचार की सराहना करते हुए इसे अन्य राज्यों में विस्तारित करने योग्य बताया। बघेल ने राजस्थान सरकार के इस नवाचार के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत के अभिनव प्रयासों की सराहना करते हुए अन्य राज्यों के लिए भी चैटबॉट मॉडल को अपनाने की बात

■ छः महीने में 65490 पशुओं का किया गया उपचार

कही है।पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि राजस्थान सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ पशुपालन को मजबूत बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। चैटबॉट जैसी तकनीकी पहलें पशुपालकों के जीवन में वास्तविक परिवर्तन ला रही हैं। हमारा लक्ष्य है कि हर पशुपालक को घर बैठे चिकित्सा सहायता उपलब्ध हो।

विभाग के सचिव डॉ. समित शर्मा ने बताया कि आने वाले समय में चैटबॉट प्रणाली को कृत्रिम बुद्धिमत्ता से जोड़ने की योजना है, जिससे पशुओं की बीमारियों का त्वरित विश्लेषण और निदान और भी सटीक हो सकेगा।

उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र सरकार ने भी राजस्थान के 1962 चैटबॉट मॉडल की सराहना करते हुए इस मॉडल को अपने प्रदेश में अपनाने का निर्णय लिया है। इस संबंध में कृषि, पशुपालन, डेयरी डवलपमेंट एवं मत्स्य विभाग के उप सचिव एम.बी. माराले ने महाराष्ट्र में संचालित 1962 महापशुधन संजीवनी एप के माध्यम से राजस्थान की तर्ज पर वाट्सएप चैटबॉट की सुविधा शुरू करने के निर्देश दिए हैं।

पशुपालन विभाग के निदेशक डॉ आनंद सेजरा के अनुसार, चैटबॉट प्रणाली ने पशु उपचार सेवाओं को अधिक तेज, पारदर्शी और सुलभ बनाया है। इससे न केवल उपचार की प्रक्रिया में तेजी आई है बल्कि पशु मृत्यु दर में भी उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है।

पशुपालन विभाग के इस अभिनव प्रयास से प्रदेशभर में पशुपालकों को बड़ी राहत मिली है। चैटबॉट के माध्यम से ग्रामीण अंचलों से लेकर दूरस्थ क्षेत्रों तक के पशुपालक विभाग से सीधे संवाद स्थापित कर पा रहे हैं।

पशु चिकित्सक ऑनलाइन माध्यम से न केवल परामर्श दे रहे हैं बल्कि आवश्यकता पड़ने पर संबंधित क्षेत्र के पशु चिकित्सालयों को तुरंत सूचना देकर मौके पर इलाज की व्यवस्था भी कर रहे हैं।

# गोविंद देवजी मंदिर में श्रद्धालुओं ने भगवान को आहुतियां अर्पित की

**जयपुर।** दिल्ली में आतंकी घटना सहित देश-प्रदेश में आए दिन हो रहे हादसे, आगजनी पर रोक लगाने की भाव भरी प्रार्थना के रूप में ठिकाना मंदिर गोविंद देवजी में महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। मंदिर के सेवाधिकारी मानस गोस्वामी ने ठाकुर राधा गोविंद देवजी, देव माता गायत्री और गुरु सत्ता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर यज्ञ का शुभारंभ किया। गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी से आचार्य पीठ से मुकेश सिंगोदिया ने तीन पारियों में सैकड़ों श्रद्धालुओं से विश्व कल्याण की कामना के साथ आहुतियां अर्पित करवाई। दिल्ली में आतंकी घटना में मारे गए लोगों की आत्म शांति के लिए विश्व हिंदू परिषद की अनुपमा मोदी की अगुवाई में विभिन्न बस्तियों से आए बच्चों ने भी भगवान से ऐसी घटनाओं पर रोक लगाने की प्रार्थना करते हुए यज्ञ भगवान को आहुतियां प्रदान की। बच्चों के मेधावी बनने की कामना के साथ सरस्वती गायत्री मंत्र से आहुतियां प्रदान की गई। श्याम सेवा संघ मानसरोवर के अध्यक्ष विमल सोनी ने सभी बच्चों को गायत्री मंत्र लेखन पुस्तिका, कॉपी और स्टेशनरी से जुड़े सामान का किट भेंट किया। वहीं वास्तुशास्त्री नेहा ने बच्चों को चॉकलेट दी। इस मौके पर गर्भ में पल रहे शिशु के सर्वांगीण विकास के लिए एक दर्जन से अधिक गर्भवती महिलाओं ने वैदिक गर्भोत्सव संस्कार कराया। आओ गढ़े संस्कारवान पीढ़ी राजस्थान की प्रभारी डॉ. सरोज गुप्ता ने गर्भावस्था के दौरान रखी जाने वाली सावधानियों, चिंतन, आहार-विहार, रहन-सहन पर प्रकाश डाला। उपस्थित लोगों ने गर्भस्थ शिशु के कल्याण के लिए पुष्प वर्षा की।


गोविंद देवजी में पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया।

# भामाशाह हरि निवास गुप्ता का सम्मान

**जयपुर।** महावर वैश्य धर्मार्थ ट्रस्ट जयपुर की वार्षिक आमसभा दुर्गापुरा स्थित महावीर नगर जयपुर में हुई। ट्रस्ट को जयपुर की प्राइम लोकेशन पर स्थित 2100 वर्गफिट का यह भूखण्ड महावर समाज बंधु भामाशाह हरि निवास गुप्ता निवासी दाऊदपुर, अलवर द्वारा दान दिया गया था, जिसके लिए ट्रस्ट की ओर से हरि निवास गुप्ता को स्मृति चिन्ह, शॉल एवं साफा पहनाकर सम्मानित किया गया। आमसभा में समाजहित के विभिन्न निर्णय लिए गए जिसमें दान में प्राप्त महावीर नगर स्थित भूखण्ड के समाज उपयोग के लिए शीघ्र कार्य शुरू करने हेतु निर्णय लिया गया। कार्यक्रम में ट्रस्ट के जयपुर के अध्यक्ष बाबूलाल गुप्ता, संस्था अध्यक्ष नरेश कुमार गुप्ता, ट्रस्ट महासचिव विनोद गुप्ता, पूर्व ट्रस्ट अध्यक्ष श्रीनिवास गुप्ता, पूर्व संस्था अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गिरिराज प्रसाद गुप्ता, नवयुवक संस्था अध्यक्ष इंजी. मुदित गुप्ता, डॉ पुष्कर गुप्ता एवं महावर वैश्य समाज के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# दिव्यांगजनों को मिलेगा पावर व्हील चेयर का संबल

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुसार जयपुर जिला प्रशासन द्वारा वृद्धजनों एवं दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण एवं गतिशीलता सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से सक्षम जयपुर अभियान संचालित किया जा रहा है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक बीपी चंदेल ने बताया कि पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, दामोदरपुरा, बस्सी द्वारा अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यक्रम के अंतर्गत दिव्यांगजनों को पावर व्हील चेयर जयपुर जिला प्रशासन एवं के सहयोग से उपलब्ध करवाई जाएंगी।

■ दिव्यांगजनों को पावर व्हील चेयर जयपुर जिला प्रशासन एवं के सहयोग से उपलब्ध करवाई जाएंगी

उन्होंने बताया कि जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार के निर्देशों की अनुपालना में पावर चेयर वितरण के लिए बस्सी के पंचायत समिति कार्यालय में 18 नवंबर एवं 19 नवंबर को दो दिवसीय चिन्हीकरण शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर के सफल आयोजन को सुनिश्चित करने हेतु उपखण्ड अधिकारी, बस्सी को प्रभारी अधिकारी तथा विकास अधिकारी, बस्सी को सहायक प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। दोनों अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाएँ समय पर पूर्ण करने के निर्देश प्रदान किए गए हैं।

आशार्थियों को चिन्हीकरण शिविर में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने के लिए पाबंद किया जाए, ताकि योग्य दिव्यांगजन चिन्हित होकर पावर व्हील चेयर प्राप्त कर सकें और अभियान का अधिकतम लाभ उठा सकें।

# किसान महापंचायत का जयपुर में धरना, 'अन्नदाता हुंकार रैली' 30 दिसंबर को

**जयपुर।** राजस्थान में किसानों की मांगों को लेकर जारी असंतोष आज जयपुर के शहीद स्मारक पर किसान महापंचायत के एक दिवसीय धरने के रूप में सामने आया। राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट के नेतृत्व में आयोजित इस धरने में प्रदेशभर से बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए।

6 अक्टूबर को निर्धारित अन्नदाता हुंकार रैली को सरकार की वार्ता पहल के आधार पर स्थगित किया गया था। 3 अक्टूबर को किसानों और राज्य सरकार के प्रतिनिधियों के बीच वार्ता हुई थी, जिसमें सरकार ने ज्ञापन में दर्ज समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया था। लेकिन 20 दिन बीत जाने के बाद भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, जिसके चलते 26 अक्टूबर को किसान महापंचायत की प्रदेश कार्य समिति ने धरना-प्रदर्शन और ज्ञापन के माध्यम से सरकार को आगाह करने का निर्णय लिया।

इसी क्रम में आज शहीद स्मारक पर 11 बजे से 4 बजे तक धरना आयोजित किया गया। इसमें प्रदेश अध्यक्ष मुसद्दीलाल यादव, उपाध्यक्ष छीतरलाल गुर्जर और गोपीराम डबास, महामंत्री सुंदरलाल भावरिया और जगदीश नारायण खुडियाला, संगठन मंत्री गोरधन तेतरवाल, प्रदेश मंत्री भल्लाराम चौधरी, मनजिंदर सिंह अटवाल, महेश जाखड़ और जगदीश जांगिड़, प्रदेश मीडिया प्रभारी सुरेश बिजारणिया, युवा प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर चौधरी, वरिष्ठ सदस्य हरलाल क्रांतिकारी, रणजीत रिणवा और सोशल एक्टिविस्ट गौरीशंकर मालू मौजूद रहे। जयपुर जिले के कई गांवों से किसान बड़ी संख्या में पहुंचे।

बैठक में यह घोषणा की गई कि 6 अक्टूबर को स्थगित अन्नदाता हुंकार रैली अब 30 दिसंबर को आयोजित की जाएगी। इसके लिए तैयारियां दोबारा शुरू करने का शंखनाद किया गया।

इसके अलावा, 'कोटपूतली-किशनगढ़ ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे' सहित अन्य आठ एक्सप्रेसवे परियोजनाओं को वापस लेने का प्रस्ताव पारित किया गया और इसके विरोध के लिए रणनीति भी तय की गई।

■ सरकार से वार्ता के बावजूद कार्रवाई न होने पर किसानों का आक्रोश, एक्सप्रेसवे परियोजनाओं के विरोध का भी निर्णय



राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट के नेतृत्व में आयोजित बैठक में प्रदेशभर से बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए।

# भारत स्काउट व गाइड की राष्ट्रीय जम्बूरी 29 नवम्बर तक

**जयपुर।** भारत स्काउट व गाइड की 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी लखनऊ में दिनांक 23 से 29 नवम्बर तक आयोजित होने वाली है।

इस राष्ट्रीय जम्बूरी का 24 नवम्बर, 2025 को भारत के यशस्वी एवं लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा उद्घाटन किया जाएगा। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उपस्थित रहेंगे।

भारत स्काउट व गाइड के तत्वावधान में आयोजित इस 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी में देश के लगभग 30,000 एवं सार्क देशो के 1000 स्काउट गाइड बालक बालिका सहभागिता करेंगे।भारत स्काउट व गाइड की गत 18वीं राष्ट्रीय जम्बूरी राजस्थान के पाली जिले के रोहट में 4 से 10 जनवरी, 2023 तक आयोजित की गई थी, जिसका उद्घाटन भारत गणराज्य की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा किया गया था।

## सार-समाचार

### जयपुर पेंटिंग एग्जीबिशन में लोगों ने देखी कई रंग के साथ विरासत



## कुलपति प्रो. सारंगदेवोत का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया



कुलपति कर्नल प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत के जन्म दिवस पर कार्यकर्ताओं ने 21 किलो की माला पहनाकर अभिनन्दन किया।

**प्रो. सारंगदेवोत ने कार्यकर्ताओं के साथ रूद्राभिषेक कर किया**

उदयपुर । राजस्थान विद्यापीठ विवि के कुलपति कर्नल प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत के जन्म दिवस पर विद्यापीठ के तीनों परिसरों में कार्यकर्ताओं ने प्रो. सारंगदेवोत का पगडी, उपरणा, माला, स्मृति चिन्ह दे कर सम्मानित किया। सुबह से ही शहर के सामाजिक, राजनेतिक एवं धार्मिक कार्यकर्ताओं का प्रो. सारंगदेवोत के घर पर माला पहनाने वालो का तांता लगना शुरू हो गया जो देर रात तक चलता रहा। प्रो. सारंगदेवोत ने कार्यकर्ताओं के साथ संस्थापक मनीषी पंडित जनार्दनराय नागर की प्रतिमा पर नमन कर महादेव मंदिर में रूद्राभिषेक, पौधारोपण भी किया। मुख्य समारोह केन्द्रीय कार्यालय में आयोजित हुआ जहॉ कार्यकर्ताओं ने 21 की किलो की माला पहना भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर प्रो. सारंगदेवोत ने कहा कि विद्यापीठ के निष्ठावान, समर्पित, ईमानदार कार्यकर्ता संस्था की पूंजी व अभिमान है। संस्था का आज देश ही नहीं , विदेशों में भी अपना नाम अर्जित किया है। संस्था कार्यकर्ताओं की संस्था है। संस्थापक जनुभाई कहा करते थे कि सौ पेड लगाना आसान है लेकिन एक कार्यकर्ता तैयार करना बहुत ही मुश्किल है उनके अनुसार संस्था में कार्यकर्ताओं के आने का रास्ता बहुत बडा है लेकिन जाने का रास्ता बहुत छोटा है। संस्था आज देश ही नहीं पूरे विश्व में गुणवत्ता के आधार पर अपना परचम फहराया है, ये सभी कार्यकर्ताओं की ही देन है।

इस अवसर पर कुलाधिपति कुल प्रमुख भंवर लाल गुर्जर, पीठ स्थविर डॉ. कौशल नागदा, रजिस्ट्रार डॉ. तरूण श्रीमाली, परीक्षा नियंत्रक डॉ. पारस जैन, बीएन संस्थान के प्रबंध निदेशक मोहब्बत सिंह रूपाखेडी, डॉ. युवराज सिंह राठौड, प्रवीण गुर्जर, समाजसेवी विक्रम सिंह देवड़ा, स्मृति देवडा, भाजपा शहर जिलाध्यक्ष गजपाल सिंह राठौड, महामंत्री डॉ. पंकज बोराणा, भरत भानु सिंह देवडा, जयकिशन चोबे, अरविंद बडाला, समाजसेवी भंवर सेठ, चन्द्रवीर सिंह करेलिया, महेन्द्र सिंह पाखण्ड, डॉ. शैलेन्द्र मेहता, प्रो. मंजू मांडोत, प्रो. सरोज गर्ग, प्रो. जीवन सिंह खरकवाल, डॉ. भवानीपाल सिंह, डॉ. कला मुणेत, डॉ. सुनिता मुर्डिया, डॉ. बलिदान जैन, डॉ. अमी राठौड़, डॉ. देवेन्द्र सिंह राव, हेमेन्द्र चौधरी, डॉ. गजेन्द्र माथुर, डॉ. कला मुणेत, डॉ. हीना खान, डॉ. नीरू राठौड, डॉ. शैलेन्द्र मेहता, डॉ. अपर्णा श्रीवास्तव, डॉ. धमेन्द्र राजौरा, डॉ. अवनीश नागर, डॉ. लाला राम जाट, निजी सचिव कृष्णकांत कुमावत, पूर्व पार्षद प्रवीण मारवाडी, डॉ. सपना श्रीमाली, डॉ. यज्ञ आमेटा, डॉ. ओम पारीक,सहित विद्यापीठ के डीन, डायरेक्टर, कार्यकर्ता व शहर के सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक संगठनो ने प्रो. सारंगदेवोत का माला पहना कर स्वागत किया गया।

# 'पुनरीक्षण को औपचारिकता नहीं, लोकतांत्रिक दायित्व के रूप में निभाएं'

## लोकतंत्र को सशक्त बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं : विधायक कुलदीप धनकड़

**पावटा।** सोमवार को विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड़ के निवास ग्राम भांकरी में जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेन्द्र सिंह, विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनखड़, जयपुर देहात उत्तर जिलाध्यक्ष सुरेश बादलीवाल के नेतृत्व में मतदाता गहन पुनरीक्षण, बूथ अध्यक्ष एवं बीएलए-2 कार्यशाला का आयोजन किया गया। जहां जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेन्द्र सिंह ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस पुनरीक्षण को औपचारिकता नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक दायित्व के रूप में निभाएं। प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में होना चाहिए तथा किसी भी अपात्र व्यक्ति का नाम सूची में नहीं रहना चाहिए।



मतदाता गहन पुनरीक्षण, बूथ अध्यक्ष व बीएलए-2 कार्यशाला का आयोजन हुआ।

■ मतदाता गहन पुनरीक्षण कार्यशाला का हुआ आयोजन

कार्यशाला में निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप मतदाता सूची के अद्यतन और शुद्धिकरण की विस्तृत जानकारी दी गई। सभी कार्यकर्ता गण इस विशेष पुनरीक्षण अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं।उन्होंने कहा सभी मतदाताओं के घर घर जाकर मतदाता के नाम, पते और विवरण का सत्यापन जरूर कराना चाहिए ताकि मतदाता सूची को ज्यादा सटीक, अपडेट और त्रुटिरहित बनाया जा सके।

वही विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनखड़ व जिलाध्यक्ष सुरेश बादलीवाल ने कहा किभारत निर्वाचन आयोग का उद्देश्य है कि कोई भी पात्र नागरिक सूची से वंचित न रहे और सभी का नाम सही जानकारी के साथ दर्ज हो।

लोकतंत्र को सशक्त बनाने की दिशा में यह महत्वपूर्ण पहल है हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में होना लोकतांत्रिक जिम्मेदारी और अधिकार दोनों है. उन्होंने विशेषकर युवाओं और नए मतदाताओं से आग्रह किया है कि वे समय पर फॉर्म भरें और लोकतंत्र को सशक्त बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि सही और पूर्ण मतदाता सूची ही निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव की आधारशिला है।

इस दौरान जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेन्द्र सिंह, विराटनगर विधायक कुलदीप धनखड़, जयपुर देहात उत्तर जिलाध्यक्ष सुरेश बादलीवाल सहित सभी बीएलए 2, बूथ अध्यक्ष, मण्डल पदाधिकारी, जिला कार्यकारिणी सदस्य, समस्त जनप्रतिनिधि, पूर्व जनप्रतिनिधि व पूर्व पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

## 23 से 26 नवम्बर तक मत्स्य उत्सव का होगा भव्य आयोजन

**अलवर।** जिला प्रशासन एवं पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में 23 से 26 नवम्बर तक मत्स्य उत्सव आयोजित होगा जिसमें 23 नवम्बर को प्रात: 5.30 बजे श्री जगन्नाथ जी मंदिर में विशेष आरती के साथ ही मत्स्य उत्स्व का शुभारम्भ होगा।

पर्यटन विभाग की उप निदेशक श्रीमती टीना यादव ने बताया कि मत्स्य उत्सव के प्रथम दिन 23 नवम्बर को प्रात: 7.30 बजे से नेहरू गार्डन से नगर वन तक साइकिल रैली निकाली जाएगी एवं सांय 7 बजे से पुरजन विहार (कम्पनी बाग) में क्लासिकल सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होगा। इसी प्रकार 24 नवम्बर को राजा भर्तृहरि पैनोरमा पर प्रात: 10 बजे मेहन्दी, रंगोली व पेंटिंग प्रतियोगिता एवं दोपहर 12 बजे भर्तहरि नाटिका का मंचन होगा तथा सांय 7 बजे से पुरजन विहार (कम्पनी बाग) में लोकरंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होगा। वहीं 25 नवम्बर को प्रात: 7 बजे पुरजन विहार (कम्पनी बाग) में योगा व मेडिटेशन कार्यक्रम, दोपहर 2 बजे सागर जलाशय पर हैण्डी क्राफ्ट एण्ड फूड मेले का आयोजन होगा, सांय 4 बजे होप सर्कल से सागर तक कल्चरल कार्निवल एवं पारम्परिक शोभायात्रा का आयोजन होगा।

## सार-समाचार

### डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के निर्देश

**अलवर।** अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वितीय योगेश डागुर ने आज कलक्ट्रेट सभागार में जिला निष्पादन समिति की बैठक लेकर प्रोजेक्ट ई-विद्या, बोर्ड परीक्षा परिणाम उन्नयन कार्ययोजना एवं मिड-डे मील योजना की समीक्षा कर शिक्षा विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वितीय ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया उच्च शैक्षिणक गुणवत्ता पर विशेष फोकस करते हुए विद्यार्थियों का लर्निंग आउटकम बढ्ढाने का प्रयास करें। उन्होंने निर्देश दिए कि बोर्ड परीक्षा परिणामों में सुधार हेतु रिमेडियल कक्षाएं, मेंटरशिप प्रोग्राम, प्री बोर्ड इत्यादि के माध्यम से विशेष प्रयास करें। उन्होंने निर्देश दिए कि विशेष अभियान के माध्यम से कक्षा 10वीं एवं 12 वीं में बोर्ड परीक्षा परिणामों में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों की संख्या बढ्ढाते हुए इसे प्रतिवर्ष दोगुना करें। उन्होंने निर्देश दिए कि शिक्षा विभाग के रैंकिंग पैरामीटर में बेहतर प्रदर्शन करें ताकि जिले को उच्च स्थान प्राप्त हो सके। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने निर्देशित किया कि प्रोजेक्ट ई-विद्या के तहत जिले में पीईईओ स्तर के 210 क्रियाशील ई-लाइब्रेरी के अतिरिक्त शेष में यथाशीघ्र लाइब्रेरी की स्थापना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि डिजिटल शिक्षा को बढ्ढावा देने के लिए विद्यार्थियों की सहभागिता से प्रत्येक विद्यालय की ई -मैगज़ीन एवं ब्लॉग क्रिएशन कर बच्चों से रचनात्मक लेखन करवाएं जाएं।अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वितीय ने मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि विद्यालयों में बच्चों को गुणवत्ता युक्त खाना उपलब्ध हो इसके लिए खाद्य सामग्री एवं दुध की आपूर्ति समयबद्ध हो तथा कुक कम हेल्पर का समयबद्ध भुगतान व खाद्य सामग्री का उचित रखरखाव कराया जावे। उन्होंने निर्देश दिए कि बच्चों को और अधिक पोषण युक्त खाद्य सामग्री हेतु समस्त विद्यालयों में न्यूट्रिशन गार्डन विकसित करावें।

### अवैध बजरी ले जाते ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त

**बौंली/बामनवास,** (निसं)। जिला पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार बेनीवाल के निर्देशन में चलाए जा रहे अवैध बजरी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बौंली थाना पुलिस ने बहनोली व बांस,टोरड़ा से दो अलग-अलग टीम गठित कर अवैध बजरी परिवहन करते दो ट्रैक्टर ट्रॉलियों को पकड़ा है, पुलिस को देखकर चालक मोके से फरार हो गए।

## फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की

■ फ्लैगशिप योजनाओं के क्रियान्यवन में जिले को अग्रणी पंक्ति में रखेंः जिला कलक्टर

**भरतपुर (निस)।** जिला कलक्टर कमर चौधरी की अध्यक्षता में सोमवार को साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित किया गया, जिसमें सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं, विकास कार्यों एवं विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। जिला कलक्टर ने कहा कि सभी विभाग राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं में पात्रजनों का चयन कर उन्हें स्वप्रेरित होकर लाभान्वित करें।

राज्य स्तर पर प्रत्येक योजना में आवंटित लक्ष्यों के अनुरूप सभी अधिकारी प्रत्येक सप्ताह लक्ष्य पूरे करें। उन्होंने कहा योजनाओं का प्रचार-प्रसार कर पात्र जनों से अधिकारी संवाद बनाकर उन्हें योजनाओं के फायदे बताकर लक्ष्य पूरे करायें। विभागवार समीक्षा करते हुए उन्होंने पालनहार योजना के लाभार्थियों का सत्यापन करने के कार्य का शिक्षण संस्थाओं, ग्रामीण विकास के सहयोग से शीध्र पूरा करने के निर्देश दिये। उन्होंने विद्युत निगम को नवम्बर अंत तक फीडर सेठीगेशन के लक्ष्य 5 कार्य एवं वाइफरकेशन के 8 कार्य पूरा कराने का लक्ष्य निर्धारित किया। जिला कलक्टर ने आयुष्यमान भारत अवसंरचना योजना में भवन निर्माण व मरम्मत के 3 कार्य आगामी 7 दिवस में पूरा करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि लाडो प्रोत्साहन योजना में बालिका के जन्म लेने पर उसे योजना का लाभ मिल सके इसके लिए अस्पतालों में दस्तावेजों की पूर्ति समय पर पूरी कराई जाये। उन्होंने लम्बित प्रकरणों में प्रति सप्ताह 50 का लक्ष्य लेकर लाभान्वित करने को कहा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में आवास योजना के भुगतान, स्वच्छता अभियान के मानकों को पूरा करने के लिए ग्राम स्तर से निकाय स्तर तक जिम्मेदारी से कार्य किया जाये। उन्होंने किसानों को लाभान्वित करने के लिए सौर ऊर्जा आधारित पम्पसेट स्थापित लगाने हेतु पात्र किसानों से व्यक्तिगत सम्पर्क करने, फार्मपोंड के लिए जलभराव वाले क्षेत्रों के किसानों को सिचाई में वर्षा जल का महत्व बताने के निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने शहर के घुमन्तु, बेघर परिवारों, सड़क किनारे झौपडियां बनाकर रह रहे लोगों के लिए बीडीए एवं नगर निगम को स्थान का चयन कर आवंटन की कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

## सड़क सुरक्षा का संदेश दिया

**अलवर।** होंडा मोटरसाइकिल और स्कूटर इंडिया ने आज टपूकारा स्थित अपने उत्पादन संयंत्र में बच्चों के महीने का जश्न एक रंगारंग बच्चों के मेले के साथ मनाया। 'सुरक्षा खोजी: ट्रैफिक लैंड की यात्रा' थीम पर आधारित इस पहल का उद्देश्य बच्चों को सडक़ सुरक्षा की सीख मज़ेदार और दिलचस्प तरीके से देना है, ताकि कम उम्र से ही सुरक्षित आदतें विकसित हो सकें।

टपूकारा में आयोजित बाल उत्सव में 9 से 15 वर्ष आयु के स्कूली बच्चों ने भाग लिया। यह अनुभव शिक्षा और रचनात्मकता का संगम रहा, जहाँ बच्चों ने विशेष रूप से बनाए गए क्षेत्रों जैसे 'ज़ेब्रा क्रॉसिंग क्षेत्र', 'हेलमेट पहाडिय़ाँ' और 'संकेत नगर' में घूमकर सडक़ सुरक्षा के ज़रूरी नियमों को यादगार तरीके से सीखा।

कार्यक्रम में सडक़ सुरक्षा प्रश्नोत्तरी और रचनात्मक प्रदर्शनी भी शामिल रही, जिसने सीखने की प्रक्रिया को जीवंत और आनंददायक बना दिया। इस पहल ने बच्चों को प्रेरित किया कि वे अपने परिवार और समाज में सुरक्षित यातायात व्यवहार के दूत बनें।

सरकारी और प्राथमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लेकर यातायात नियमों, सडक़ संकेतों और जिम्मेदार आचरण का व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त किया।

## बैठक में साफ-सफाई, बिजली व पेयजल आपूर्ति पर की चर्चा



कोटपुतली में अधिकारियों की बैठक लेती जिला कलेक्टर।

**कोटपूतली ।** जिला कलेक्टर प्रियंका गोस्वामी ने कहा कि शहर में सफाई व्यवस्था को और प्रभावी करते हुए संवेदक को नालों, सीवरेज, सड़क किनारे सफाई कार्य को सक्रियता से करने हेतु पाबंद करें एवं व डोर टू डोर कचरा संग्रहण के कार्य की नियमित रूप मॉनिटरिंग करें।

जिला कलेक्टर सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित कर रही थी । उन्होंने अधीक्षण अभियंता विद्युत निगम को निर्देशित किया कि आदेशानुसार सरकारी कार्यालयों एवं भवनों में स्मार्ट मीटर लगवाने की कार्यवाही करें। पीएचईडी विभाग को अस्पतालों में पर्याप्त जलापूर्ति एवं विद्युत विभाग को विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करें।

उन्होंने संबंधित अधिकारी को राजकीय भवनों में नियमानुसार फायर एनओसी एवं सुरक्षात्मक उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही सीएमएचओ को मां योजना की साप्ताहिक रिपोर्ट तैयार करने को निर्देशित किया एवं समाज कल्याण अधिकारी को जिले में चल रहे नशामुक्ति केंद्र मानक अनुसार चलाना सुनिश्चित करने और मानक अनुसार न चलने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने संपर्क पोर्टल, जनसुनवाई, जनप्रतिनिधियों से प्राप्त प्रकरण के परीवादों का तुरंत निस्तारण कर आमजन को राहत पहुंचाने के निर्देश दिए, उन्होंने कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बरतने पर संबंधित के खिलाफ कार्यवाही अमल में लाने को कहा। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओमप्रकाश सहारण, एसीईओ सुशीला यादव, नगर परिषद आयुक्त नूर मोहम्मद सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## ट्रेन से गिरने पर युवक की मौत

**भरतपुर (निस)।** भरतपुर में रूपवास जाते समय चलती ट्रेन से उतर रहे एक व्यक्ति का बैलेंस बिगड़ गया। इससे वह सीधे रेलवे ट्रैक पर जा गिरा। लोगों ने उसे हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार मृतक धौलपुर जिले के बाड़ी इलाके का रहने वाला था और कोटा से अपने घर जा रहा था।

मृतक के परिजनों ने बताया कि धौलपुर के बाडी निवासी मंगल सिंह(40) कोटा में नौकरी करता था। वह कोटा से छुट्टी लेकर अपने घर बाड़ी जा रहा था। उसे रूपवास उतरना था, जहां से बाड़ी के लिए आना था।

## दहेज की मांग से प्रताड़ित महिला ने कूएं में कूदकर की खुदकुशी

**नदबई भरतपुर (निस)।** नदबई क्षेत्र के गांव रायसीस में दहेज नहीं देने पर विगत 20 माह से पीहर में रह रही विवाहिता महिला ने प्रताडित होकर रविवार देर शाम कूएं में कूद कर खुदकुशी कर ली।

सूचना पर पुलिस ने मौके पर जांच पडताल करते हुए महिला के शव को कब्जे में लिया। बाद में पुलिस ने जिला चिकित्सालय में महिला के शव का पोस्टमार्टम कराया। विभागीय सूत्रों की मानें तो मृतक महिला राजकुमारी जाटव पुत्री नवल सिंह, देर शाम अपने घर से शौच के लिए जंगल में गई। जो कि देर रात तक घर नहीं पहुंची। घर नहीं पहुंचने पर परिजनों ने महिला को तलाश किया। बाद में सोमवार सुबह करीब सात बजे, जंगल में स्थित कूएं के समीप महिला की चप्पल मिलने पर परिजनों ने कूएं में तलाश किया तो महिला का शव पानी में तैरता दिखाई दिया। ग्रामीण व परिजनों ने महिला के शव को निकालते हुए पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर जांच पडताल के बाद शव को कब्जे में लेते हुए जिला चिकित्सालय में महिला के शव का पोस्टमार्टम कराया। सूत्रों की मानें तो मृतक महिला राजकुमारी की 25 अप्रेल 2012 में सेवर थाना क्षेत्र के गांव भांडौर निवासी विष्णु जाटव के साथ शादी हुई। शादी के बाद ही महिला का पति विष्णु जाटव, ससुर सामंता जाटव, सास कमलेश, जेठ केलाश जाटव व जिठानी, दहेज की मांग करते हुए विवाहित महिला को प्रताडित करने लगे।

## विभिन्न विकास कार्यों के प्रस्ताव लिए

**पावटा।** सोमवार को उपजिला अस्पताल पावटा में विराटनगर विधायक कुलदीप धनखड की अध्यक्षता एवं कोटपुतली एडीएम ओमप्रकाश सहारण की मौजूदगी में एमआरएस की बैठक का आयोजन हुआ।

बैठक के दौरान विधायक कुलदीप धनखड की उपस्थिति में विभिन्न विकास कार्यों के प्रस्ताव लिए गए व अन्य कई मुद्दों पर चर्चा की गई। उन्होंने उपजिला अस्पताल में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं की विस्तृत जानकारी ली। विधायक धनकड ने मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में कई विषयों पर चर्चा की गई। इनमें स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार शामिल था। संसाधनों का बेहतर उपयोग और समुदाय तक प्रभावी स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच पर विशेष ध्यान दिया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य जागरूकता बढाने पर भी जोर दिया गया। चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने और आपातकालीन सेवाओं को मजबूत करने की योजना पर भी विचार-विमर्श किया।

## शिविर में 966 मरीजों की आंखों की हुई जांच

**पावटा।** निकटवर्ती ग्राम पंचायत भैंसलाना स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में रविवार को द्वारिकपुरा के पूर्व सरपंच स्वर्गीय सूरजमल यादव की पुण्य स्मृति में समाजसेवी कृष्ण सांपला द्वारा 7वाँ विशाल नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा एवं लेंस प्रत्यारोपण शिविर आयोजित किया गया।

शिविर का शुभारंभ महंत श्री भोला शंकरदास जी महाराज दाऊ धाम काला कोटा के सान्निध्य व पुलिस अधीक्षक देवेंद्र विश्नोई के मुख्य आतिथ्य एवं पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर, अध्यक्ष यादव महासभा भेरू जी हुल्डा, किशन लाल गुरुजी, करन सिंह सरपंच, महेश यादव युवा नेता, जी.एल. यादव, विरेंद्र घोघड़, रवि अध्यक्ष,दीपक यादव (डिस्कवरी स्कूल) पवन गुर्जर नेताजी, राव जीतू, अजय शुक्ल, सतू सरपंच, हरिद्वारी स्वामी, मदन सरपंच, रामेश्वर विराटनगर, विनोद नेता, मनमोहन, रणजीत मंडा, डॉ. किशोर सिंह, डॉ. सुरेंद्र तथा सुधीर डेलीगेट, डॉ केशव स्वामी रमेश विराटनगर, शिवराम डीईओ, अमीचंद चौकी,सहित अनेक गणमान्य लोगों के विशिष्ट आतिथ्य में स्व. सूरजमल यादव के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया।हुआ। इस दौरान एसपी कोटपुतली बहरोड़ देवेंद्र विश्नोई ने मरीजों से संवाद कर शिविर आयोजकों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान प्रसिद्ध नेत्र विशेषज्ञ डॉ. विरेन्द्र सिंह यादव बहरोड़ एवं उनकी मेडिकल टीम ने कुल 966 मरीजों की नेत्र जांच कर उपचार उपलब्ध कराया। इनमें से 214 मरीजों का ऑपरेशन हेतु चयन किया गया।

सभी चयनित मरीजों के मोतियाबिंद ऑपरेशन मिश्री देवी आई हॉस्पिटल, बहरोड़ में चार चरणों प्रथम चरण - 26 नवंबर 2025,द्वितीय चरण - 27 नवंबर 2025, तृतीय चरण - 28 नवंबर 2025,चतुर्थ चरण - 29 नवंबर 2025 में पूरी तरह नि:शुल्क किए जाएंगे। मरीजों के लिए आने-जाने की व्यवस्था भी नि:शुल्क रहेगी।आयोजन समिति की ओर से कृष्ण सांपला एवं टीम कृष्ण सांपला ने सभी अतिथियों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया।

नम्बर मिलाइए
9587884433
सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

## शीतला माता मंदिर चोरी का 9 दिन बाद भी नहीं हुआ खुलासा

**नारायणपुर।** ग्राम पंचायत बिलाली स्थित आस्था के प्रतीक शीतला माता मंदिर में 8 नवम्बर को हुई चोरी की वारदात का पुलिस द्वारा 9 दिन बाद भी खुलासा नहीं किए जाने पर सोमवार को सैकड़ों ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित ग्रामीण पुरुषोत्तम मार्केट से मुख्य बाजार होते हुए आधा दर्जन ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के साथ पैदल मार्च करते हुए नारायणपुर एसडीएम कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और धरना प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप था कि मंदिर के दो दानपात्रों में करीब डेढ़ लाख रुपये नकद और 150 ग्राम चांदी थी, जिसे अज्ञात चोर चोरी कर ले गए थे। वारदात मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों में स्पष्ट रूप से कैद है, बावजूद इसके पुलिस आरोपी चोरों को पकड़ने में विफल रही है। ग्रामीणों ने बताया कि पुलिस ने 7 दिन में चोरी का खुलासा करने का

■ आक्रोशित ग्रामीणों ने एसडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन किया


शीतला माता मंदिर में हुई चोरी की वारदात का खुलासा नहीं होने पर ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया।

आश्वासन दिया था, लेकिन 9 दिन बीत जाने के बाद भी मामला जस का तस है, जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। एसडीएम कार्यालय पर दोपहर से शुरू हुआ धरना देर शाम तक जारी रहा। इस दौरान नारायणपुर पुलिस व बासदयाल थाना पुलिस मौके पर तैनात रही। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम दिनेश शर्मा और बानसूर डीएसपी मेघा गोयल ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों से वार्ता की और 15 दिसम्बर तक चोरी का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया, जिसके बाद शाम 5.30 बजे धरना समाप्त हुआ। धरना स्थल पर सरपंच प्रतिनिधि हंसराज दौराता, राकेश दायमा, गिर्राज सैनी, ओमप्रकाश गुर्जर, झाबर गुर्जर, कैलाश गोठवाल, विजय गोठवाल, रामेश्वर प्रजापत, हरदान प्रजापत, धुडाराम सैनी, मनोहर योगी, कैप्टन मदन सिंह शेखावत, रामस्वरूप मुक्कड, गणेश सैनी, नेकी राम बलाई, रवि मीणा और राकेश फौजी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत तृतीय**
जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर- 0141-4901853
क्रमांक : 4136 **आम जाहिर सूचना** दिनांक : 17.11.2025
राजस्थान आवासन मण्डल जयपुर द्वारा आवास संख्या- 7/55 मालवीय नगर जयपुर, क्षेत्रफल 44.00 वर्ग मीटर का नियमितिकरण एवं अदेय प्रमाण पत्र क्रमांक 2825 दिनांक 19.02.1994 श्री भगवान दास पुत्र श्री भम्भा मल के पक्ष में जारी किया गया था। उनके द्वारा आवास के पंजीयन प्रपत्रो का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक जयपुर प्रथम में दिनांक 18.12.1994 को करवाया गया। श्री भगवान दास की मृत्यु दिनांक 17.09.2025 को हो जाने के कारण श्री मनोज कुमार आलवानी पुत्र स्व.श्री भगवान दास के द्वारा आवेदन पत्र के साथ जमा प्रशासनिक शुल्क की छाया प्रति, शपथ पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, रजिस्टर्ड हकत्याग की छाया प्रति, गवाह एवं स्वयं के पहचान पत्र की छाया प्रति प्रस्तुत कर उक्त आवास का प्रतिस्थापन अपने नाम से करने का निवेदन किया गया है। अत: उक्त आवास के प्रतिस्थापन के संबंध में किसी भी व्यक्ति / बैंक / संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नही होने पर उक्त आवेदनकर्ता श्री मनोज कुमार आलवानी पुत्र स्व.श्री भगवान दास के पक्ष में आवास के प्रतिस्थापन की कार्यवाही करदी जावेगी। **सम्पदा प्रबंधक, वृत तृतीय, रा.आ. मण्डल, जयपुर**

**कार्यालय आवासीय अभियंता, राज. आवासन मण्डल, खण्ड दौसा**
1/68, खान भांकरी रोड दौसा (राज.) फोन-01427-223875
(Email Id: redausa.rhb@rajasthan.gov.in)
**आवश्यक सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवास संख्या 1/303, स्काउट फील्ड योजना, सवाई माधोपुर, क्षेत्रफल 62.89 वर्ग मीटर का आवंटन श्री दिनेश चन्द गुप्ता पुत्र श्री बजरंग लाल अग्रवाल को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 10988 दिनांक 08.02.1987 जारी किया गया एवं इनको भौतिक कब्जा दिनांक 22.07.1987 को संभलवा दिया गया।
श्री दिनेश चन्द गुप्ता द्वारा उक्त आवास का बेचान जरिए अपंजीकृत इकरारनामा के दिनांक 23.07.1987 को श्री गोविन्ददास पुत्र श्री हेमनदास सिंधी के नाम कर दिया गया। श्री गोविन्दराम पुत्र श्री हेमनदास सिंधी द्वारा उक्त आवास का बेचान जरिएअपंजीकृत इकरारनामा, मुख्तारनामा व वसीयतनामा के दिनांक 24.12.2019 को श्री वासुदेव पेसवानी पुत्र श्री गोविन्दराम के नाम कर दिया गया।
अंतिम क्रेता श्री वासुदेव पेसवानी की मृत्यु दिनांक 06.09.2023 का हो जाने पर उनके नामित पुत्र श्री दिलीप कुमार सिंधी पुत्र स्व. श्री वासुदेव पेसवानी द्वारा उक्त आवास का मृत्यु पश्चात नाम हस्तान्तरण स्वयं के पक्ष में करने हेतु निवेदन किया है। अत आवास संख्या 1/303 स्काउट फील्ड योजना, सवाई माधोपुर के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति/आक्षेप हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 10 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवे, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित उत्तराधिकारी पुत्र श्री दिलीप कुमार सिंधी पुत्र स्व. श्री वासुदेव पेसवानी के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी।
**आवासीय अभियंता**
**राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड-कोचिंग हब जयपुर**

**खोया पाया**
मेरे मकान नम्बर 29-डी/439 घरौंदा, प्रताप नगर, सांगानेर का ओरिजिनल नं. No Dues Certificate कहीं खो गया मिलने पर सूचित करें-मनीषा-7062300555
मेरे आवास संख्या 117/103 मानसरोवर जयपुर का कब्जा पत्र (handing over taken over) गिर/गुम हो गया मिलने पर सूचित करें। दुष्यंत कुमार सिंघल मो. 8290910119

**NAME CHANGE**
I have Changed my Name from Kiran Kumar Babu Lal Sharma to Kiran Kumar Sharma Therefore I will be known or Distinguished in Public By New Name of Kiran Kumar Sharma, 110, Rajendra Path 21 South Colony, Niwaru Road, Jaipur, Rajasthan-302012
I have Changed my Name from Bharati Bhagwandas Bhagchandani to Divya Punjabi There fore I will be known or Distinguished in Public By New Name of Divya Punjabi A-322, Vaishali Nagar Near Tagore Public School, Jaipur, Rajasthan-302021

**कार्यालय उपायुक्त झोटवाडा जोन नगर निगम जयपुर**
(तारानगर-डी खिरणी फाटक, झोटवाडा जयपुर)
क्रमांक- एफ-03()झो.जो./2025/1041 दिनांक-17.11.2025
**सार्वजनिक सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सासा बिन्दु त्रिपाठी एवं श्रीमती वाग्मी शर्मा पत्नी श्री सासा बिन्दु त्रिपाठी, निवासी 7-न-2, जवाहर नगर जयपुर द्वारा कार्यालय उपायुक्त झोटवाडा जोन नगर निगम ग्रेटर जयपुर में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर प्लॉट नं. ए-18 ऑफिसर्स कॉलोनी, जयपुर के 254.33 वर्गगज दक्षिणी मध्य उत्तरी हिस्से को रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के द्वारा अपने नाम से खरीद किया है। उक्त प्लॉट का पट्टा जेडीए द्वारा श्री नाथुसिंह पुत्र श्री नारायण सिंह के नाम से 254.33 वर्गगज का जारी किया गया था। मुल पट्टाधारी श्री नाथुसिंह द्वारा सम्पूर्ण प्लॉट ए-18, का बेचान जरिए रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के श्री प्रभव शर्मा पुत्र श्री महेश कुमार शर्मा को बेचान कर दिया गया। क्रेता श्री प्रभव शर्मा द्वारा उक्त भूखण्ड का बेचान अलग अलग तीन विक्रय पत्रों के आधार पर क्रमश श्री सासा बिन्दु त्रिपाठी (उत्तरी भाग) क्षेत्रफल 85.29 वर्गगज एवं श्रीमती वाग्मी शर्मा पत्नी श्री सासा बिन्दु त्रिपाठी को (मध्य भाग एवं दक्षिणी भाग) क्षेत्रफल 84.26 वर्गगज एवं 85.29 वर्गगज का बेचान किया गया।
इस प्रकार आवेदन श्री सासा बिन्दु त्रिपाठी एवं श्रीमती वाग्मी शर्मा ने उक्त भूखण्ड का उपविभाजन चाहा गया है।
अतः इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति, संस्था/अन्य को उक्त प्लॉट का उपविभाजन जारी करने के संबंध में कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने की दिनांक से सात दिवस में अपनी आपत्ति मय दस्तावेजों के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष कार्यालय समय में कार्यालय में आकर प्रस्तुत करें अन्यथा समयावधि के पश्चात उपविभाजन की कार्यवाही कर दी जावेगी। सूचित रहे।
**उपायुक्त, झोटवाडा जोन, नगर निगम, जयपुर**

**राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड-भिवाडी**
**आवश्यक सूचना**
मूलतः आवास संख्या 2/196 पुरानी कॉलोनी, राजस्थान हाउसिंग बोर्ड, भिवाडी श्री वी.एन. गोयल को आवंटन पत्रांक 12 दिनांक 01.04.1985 के द्वारा आवंटित किया गया था। इनके द्वारा उक्त आवास को बेचान उपरान्त मण्डल द्वारा अन्तिम क्रेता श्रीमती भगवती भारद्वाज के पक्ष में नियमितिकरण एवं अदेय प्रमाण पत्र संख्या 1960 दिनांक 16.11.2000 को जारी किया जा चुका है। इनके द्वारा उक्त आवास की रजिस्ट्री स्वयं के पक्ष में दिनांक 29.01.2004 को उप पंजीयक भिवाडी में पंजीकृत करवाई जा चुकी है। श्रीमती भगवती भारद्वाज की मृत्यु दिनांक 20.12.2009 को हो चुकी है।
श्री अमित भारद्वाज ने प्रार्थना पत्र, आवश्यक प्रपत्र एवं श्रीमती भगवती भारद्वाज की मृत्यु का प्रमाण पत्र एवं अन्य वारिसानों के मृत्यु प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि श्रीमती भगवती भारद्वाज का स्वर्गवास दिनांक 20.12.2009 को हो जाने के कारण उपरोक्त आवास संख्या 2/196 पुरानी कॉलोनी, भिवाडी जिला खैरथल-तिजारा का मृत्यु उपरान्त प्रतिस्थापन हस्तान्तरण उनके नाम किया जाये।
अतः जरिये इस विज्ञप्ति यह आगाह किया जाता है कि उक्त मकान संख्या 2/196 पुरानी कॉलोनी, भिवाडी के संबंध में पिता, पुत्र, पुत्रियाँ, भाई व अन्य किसी रिश्तेदार को किसी प्रकार का किसी भी व्यक्ति विशेष या हितकारी को एवं आम व्यक्ति को उजर एतराज हो तो वह इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 10 दिवस में आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल खण्ड भिवाडी में अपना एतराज लिखित में प्रस्तुत करें अन्य श्री अमित भारद्वाज पुत्र स्व. श्री दिनेश भारद्वाज के पक्ष में उपरोक्त आवास संख्या 2/196 अल्प आय वर्ग भिवाडी जिला खैरथल तिजारा का मृत्यु उपरान्त प्रतिस्थापन/हस्तान्तरण किये जाने की कार्यवाही की जावेगी।
**(पी.एल. मीणा) आवासीय अभियन्ता**
**राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड-भिवाडी**

**उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)**
व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 35/25
विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।
प्रार्थी 1. प्रॉयल पुत्री स्वर्गीय धर्मेन्द्र सिंह, 2. टीया पुत्री स्वर्गीय धर्मेन्द्र सिंह, 3. चंदन सिंह पुत्र रामन्दर सिंह, 4. श्रीमती अंगूरी देवी पत्नि चंदन सिंह निवासीयान फ्लेट नं. एस-1, सैकंड फ्लोर, प्लाट नं. 173, पटेल नगर, ग्राम कल्याणपुरा जिला जयपुर तहसील सांगानेर विवाद स्थान सांगानेर, एस-1, सैकंड फ्लोर, प्लाट नं. 173, पटेल नगर, ग्राम कल्याणपुरा जिला जयपुर तहसील सांगानेर
मृतक 1. सुमन पत्नि धर्मेन्द्र 2. धर्मेन्द्र सिंह पुत्र चंदन सिंह की सम्पत्ति के विषय में।
पेशी दिनांक- 15.12.2025
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम 1. सुमन पत्नि धर्मेन्द्र 2. धर्मेन्द सिंह पुत्र चंदन सिंह जाति जाट फ्लेट नं. एस-1, सैकंड फ्लोर, प्लाट नं. 173, पटेल नगर, ग्राम कल्याणपुरा जिला जयपुर तहसील सांगानेर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावें।
अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 15 माह 12 सन् 2025 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 29 माह 10 सन् 2025 को 10.30 ए.एम. मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
मोहर अदालत
**आज्ञा न्यायालय से**
**अपर जिला एवं सैंशन न्यायाधीश**
**संख्या 10 महानगर प्रथम**
**जयपुर राजस्थान**

**कार्यालय नगर विकास न्यास, सवाईमाधोपुर**
क्रमांक-नियमन/2025/1886 दिनांक-13.11.2025
**आपत्ति आमंत्रण पत्र**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित आवेदकों ने उनके भाग के सामने अंकित भूमि का आवासीय पट्टा चाहा है-

| क्र. सं. | नाम | खसरा नंबर/ राजस्व ग्राम | भू-खण्ड सं./क्षेत्रफल | प्रस्तावित |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री जगदीश प्रसाद रेगर पुत्र गोपीराम रेगर | 41/खैरदा | 40/111.11 वर्गगज | आवासीय |
| 2 | श्रीमति समझबाई पत्नि हरिमोहन मीना | 41/खैरदा | 23-सी,24-सी,222.22 वर्गगज | आवासीय |
| 3 | श्री बनवारी लाल गौड पुत्र रामजीलाल गौड | 41/खैरदा | 75,76,77/115.24 वर्गगज | आवासीय |
| 4 | श्री दवीलाल पुत्र जन्सीराम रेगर | 41/खैरदा | 42/111.11 वर्गगज | आवासीय |
| 5 | श्री बोतलीराम मीना पुत्र श्री जैनाराम मीना | 41/खैरदा | 14/69.44 वर्गगज | आवासीय |
| 6 | श्री मदनलाल गौड पुत्र श्री कन्हैयालाल गौड | 41/खैरदा | 60/111.11 वर्गगज | आवासीय |
| 7 | श्री रामकेश पुत्र श्री हनुमान ढोली | 41/खैरदा | 4-सी/111.11 वर्गगज | आवासीय |
| 8 | नजमा वेगम पत्नी श्री अफसार खान | 32,33,34/ चकचैनपुरा | एम-1/202.42 वर्गगज | आवासीय |
| 9 | श्री दिनेश पुत्र श्री हनुमान | 41/खैरदा | 5-सी/111.11 वर्गगज | आवासीय |
| 10 | कोमल कंवर राजावत पत्नी नरेन्द्र सिंह राजावत | 41/खैरदा | 62/111.11 वर्गगज | आवासीय |
| 11 | श्री सीताराम माली पुत्र श्री कानाराम माली | 1273/आलनपुर | 11/138.88 वर्गगज | आवासीय |
| 12 | श्री सीताराम माली पुत्र श्री कानाराम माली | 1272/आलनपुर | 10/138.88 वर्गगज | आवासीय |

अत जिस किसी व्यक्ति को उक्त खसरा नंबर मं पट्टा जारी करने के संबंध में किसी प्रकार की आपत्ति हो तो 7 दिवस में निम्नहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करें।
उक्त सूचना आज दिनांक 13.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यास की मुहर द्वारा जारी की गई।
**सचिव, नगर विकास न्यास**

## संक्षिप्त

### उपकरणों की ली जानकारी

**निवाई।** पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय निवाई में व्यावसायिक शिक्षा योजना के अंतर्गत कक्षा 9 से 12 वीं कक्षा के 200 से अधिक विद्यार्थियों का एक्सपोजर विजिट डॉ केएन मोदी विश्वविद्यालय के कैंपस में हुआ। प्रधानाचार्य गिरिराज प्रसाद गुर्जर द्वारा विद्यार्थियों के दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। विश्वविद्यालय में इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी और इलेक्ट्रॉनिक एवं हार्डवेयर से संबंधित कंप्यूटर लैब, कंप्यूटर, वर्कशॉप, रोबोटिक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ऑटो मोबाइल व इलेक्ट्रॉनिक्स आदि से संबंधित मशीनों की कार्य पद्धित व उपकरणों की जानकारी प्राप्त की। छात्रों में व्यावसायिक शिक्षा से संबंधित जिज्ञासा उत्पन्न हुई। विश्वविद्यालय के फैकल्टी द्वारा विद्यार्थियों के प्रश्नों का एवं जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। इस अवसर पर कौशल मित्र रघुनंदन गौतम, व्याख्याता कुमकुम मौर्य, सुमन विजयवर्गीय, योगेश गौतम व भरत शर्मा सहित कई शिक्षक व छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

### विद्यालय जौंला का किया निरीक्षण

**निवाई।** शहीद देवालाल गुर्जर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जौंला का अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षाधिकारी नरेन्द्रकुमार सौगाणी व पीईईओ सोहेला लल्लू लाल शर्मा ने बीएलओ रामप्रसाद गुर्जर एवं सुरेश गुर्जर के कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने एसआईआर ऑनलाइन कार्य का भी निरीक्षण किया। ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सोगानी ने विद्यालय के मिड डे मील का भी प्रभारी सिंटू चौधरी से जानकारी ली। उन्होंने विद्यार्थियों के साथ बैठकर मिड डे मिल में भोजन किया और भोजन की गुणवत्ता जांच की। एसीबीईओ सोगाणी व पीईईओ शर्मा ने कक्षाओं में पहुंचकर शिक्षण कार्य का भी निरीक्षण किया। इस दौरान कक्षा 10 के बच्चों से अंग्रेजी विषय से संबंधित प्रश्न पूछे। विद्यालय के अवलोकन के दौरान व्याख्याता हनुमानप्रसाद बैरवा ने चार कमरों के रिपेयरिंग करवाने के लिए एसीबीईओ सोगाणी को प्रार्थना पत्र सौंपा। इस अवसर पर सभी शिक्षक मौजूद थे।

### सैन्य मेला 25 व 26 नवम्बर को

**अलवर।** भारतीय सेना द्वारा 25 व 26 नवम्बर को इंदिरा गांधी स्टेडियम में मेले का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सैन्य उपकरणों, क्षमताओं तथा विभिन्न इंटरैक्टिव अनुभवों को आमजन के समक्ष प्रदर्शित किया जाएगा। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल (रिटा.) शमशेर सिंह सिहाग ने बताया कि मेले का मुख्य उद्देश्य जनता में भारतीय सेना की भूमिका, जिम्मेदारियों और राष्ट्रीय सुरक्षा में उसके योगदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इसके साथ ही यह कार्यक्रम युवाओं को राष्ट्र की प्रतिष्ठित सैन्य सेवाओं में शामिल होने के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित करने का एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेगा। उन्होंने बताया कि यह आयोजन उन वीर सैनिकों के सर्वोच्च बलिदान, अतुलनीय साहस और अदम्य समर्पण को सम्मानित करने का प्रतीक है।

# खनन कार्य के दौरान पहाड़ से भारी पत्थर गिरा, मूर्तियां व सामान टूटा

## पत्थर गिरने से गुस्सा फूटा, ग्रामीणों का आरोप लगातार खनन से मकानों में आई दरारें

**पावटा।** विराटनगर क्षेत्र के छीतौली गांव में रविवार को खनन कार्य के दौरान पहाड़ से भारी पत्थर के नीचे गिरने से हड़कंप मच गया। गनीमत रही कि पत्थर गिरने से नीचे रुपेश शर्मा पुत्र सुरेश शर्मा मूर्तिकार की दुकान में रखी करीब 3 लाख की कीमत की मूर्ति व सामान टूट गया लेकिन मूर्तिकार के घर पर खाना खाने के लिए जाने के कारण बड़ा हादसा टल गया व कोई घायल नहीं हुआ, लेकिन घटना से मूर्तिकार व ग्रामीण दहशत में आ गए।

ग्रामीणों के अनुसार, पहाड़ी से कुछ दूरी पर घनी आबादी है, इसके बावजूद लगातार अवैध खनन और ब्लास्टिंग हो रही है। जिससे मकानों तक में दरारें आ रही है। वही खनन और ब्लास्टिंग, ओवरलोड वाहनों व तेज लाउड स्पीकर में गुजर रहे वाहनों के विरुद्ध आक्रोशित ग्रामीणों ने लीज के पास विरोध व धरना प्रदर्शन कर प्रशासन से कार्रवाई की मांग की। जिस पर मौके पर तहसीलदार लालाराम व विराटनगर थाना प्रभारी सोहनलाल ने सोमवार को अधिकारियों के आने के अपनी बात रखने के आश्वासन पर ग्रामीणों ने धरना समाप्त कर दिया। लेकिन सोमवार को दोपहर तक किसी अधिकारी के मौके पर नहीं आने के कारण ग्रामीणों ने फिर से धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। जिस पर दोपहर करीब 2.30 बजे क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड धरना स्थल पर पहुंचे। उनके धरना स्थल पर पहुंचने से उपखंड अधिकारी कपिल कुमार उपाध्याय, तहसीलदार लालाराम, माइनिंग विभाग से अमीचंद, विराटनगर थाना प्रभारी सोहनलाल भी मौके पर पहुंचे। जहां विधायक कुलदीप धनकड ने मौके पर घटना व ग्राामीणों की समस्याओं को विस्तार पूर्वक सुना व मौके पर माइनिंग विभाग से अमीचंद दुहारिया को निर्देश देते हुए सात दिन तक लीज बंद करने व



ग्रामीणों ने लीज के पास विरोध व धरना प्रदर्शन किया।

- विधायक कुलदीप धनकड़ ने ग्रामीणों से समझाइश कर धरना करवाया समाप्त

इस बीच उनका सीमा ज्ञान करवाने, वैध व अवैध लीज का जुर्माना, लीज एरिया समाप्त होने पर लीज बंद व जिस मूर्तिकार का नुकसान हुआ है उसे हर्जाना देने, ब्लास्टिंग परमिशन की जांच करने व अनियमितता पाए जाने पर लीज बंद करने की बात कही। वही उन्होंने विराटनगर थाना प्रभारी सोहनलाल को ओवरलोड वाहनों व तेज आवाज में लाउड स्पीकर चलाने वाले वाहनो पर कार्यवाही के निर्देश दिए। वही

विधायक कुलदीप धनकड़ ने कहा कि छीतौली गांव जिंदा लोगो का गांव का है। इस तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। यदि समय रहते रोकथाम नहीं की गई तो यह लापरवाही किसी दिन बड़ा हादसा बन सकती है। विधायक कुलदीप धनकड़ के आश्वासन पर ग्रामीणों ने धरना समाप्त किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### अवैध खनन परिवहन करते तीन ट्रेक्टर-ट्रॉली जब्त



**टोंक।** अति. पुलिस अधीक्षक टोंक के निर्देशन में वृत्ताधिकारी टोंक राजेश कुमार के सुपरविजन व सदर थानाधिकारी के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा सोमवार को अवैध खनन व परिवहन के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए वजीरपुरा क्षेत्र स्थित बनास नदी से अवैध बजरी खनन कर परिवहन करते तीन ट्रेक्टर-ट्रोली को जप्त किया गया है। कार्यवाही के दौरान चालकों के खिलाफ एमएमडीआर एक्ट में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान जारी है।

### आरोपी प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार

**फुलेरा,** (निसं)। पुलिस थाना फुलेरा ने वर्ष 2019 में दर्ज लूट प्रकरण में वांछित चल रहे आरोपी मूलचन्द उर्फ मूल्यां पुत्र रामदेव निवासी बावरिया बस्ती, सोला पंचायत क्षेत्र हाल निवासी होमगार्ड आफिस के पास फुलेरा को प्रोडक्शन वारंट के तहत गिरफ्तार किया है। आरोपी की गिरफ्तारी के दौरान पुलिस दल पर आरोपी व उसके परिजन द्वारा हमला कर जानलेवा प्रतिरोध किया गया था, जिसमें पुलिस कर्मियों को चोटें आई थीं। प्रकरण की गंभीरता देखते हुए पुलिस अधीक्षक जयपुर ठामीण राशि डोगरा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू शिवलाल बैरवा, वृताधिकारी सांभरलेक अनुपम मिश्रा तथा फुलेरा थानाधिकारी राजेन्द्र कुमार के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम गठित की गई।पुलिस टीम ने गुप्त सूचना एवं रणनीति के आधार पर आरोपी की तलाश कर गिरफ्तारी वारंट की पालना करते हुए उसे दबिश देकर गिरफ्त में लिया। वारदात के दौरान आरोपी व परिजनों ने भागने का प्रयास किया तथा पुलिस पर हमला भी किया, लेकिन टीम ने साहसपूर्वक दबोचकर गिरफ्तार करके न्यायालय में पेश किया गया।आरोपी मूलचन्द पर लूट, चोरी, अपहरण, राजकार्य में बाधा व मारपीट सहित 5 मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी की पत्नी व परिवारजन भी अवैध गतिविधियों में संलिप्त होने के कारण निरंतर पुलिस निगरानी सूची में हैं। साथ ही पुलिस ने बताया कि आरोपी अपराधिक प्रवृत्ति का अभ्यस्त एवं सक्रिय अपराधी है।

### कृषक को साधु का वेष धरे व्यक्ति ने लूटा

**कोटपूतली।** जिले की बानसूर तहसील के अन्तर्गत हमीरपुर ठाम में ई मित्र से वृद्धावस्था पेंषन की रकम लेकर घर लौट रहे एक बुजुर्ग किसान को कार सवार साधु का वेष धरे व्यक्ति द्वारा लूटे जाने का अजीबोगरीब मामला सामने आया हैं। घटनाक्रम में वृद्ध किसान गंभीर रूप से घायल भी हो गया। जिसे उपचार के लिये कस्बा स्थित राजकीय बीडीएम जिला चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया हैं, जहां उसका उपचार जारी हैं। अस्पताल के ट्रौमा सैंटर में कार्यरत नर्सिंग अधिकारी श्रीराम सराधना ने बताया कि बानसूर के ग्रम हमीरपुर निवासी लक्ष्मण (70) पुत्र रामचन्द्र गुर्जर सोमवार दोपहर ई-मित्र की दुकान से कई माह से एकत्रित अपनी वृद्धावस्था पेंषन की करीब 13 हजार रूपयों की रकम लेकर घर लौट रहा था। तभी अलवर रोड़ पर कोलाण की घाटी के पास श्री देवनारायण मंदिर के सामने घर जाते वक्त अलवर की और से आ रही एक सफेद रंग की कार रूकी, जिसमें साधु का वेष लिये एक व्यक्ति एवं एक ड्राईवर सवार थे। जिन्होंने पहले कृषक से बानसूर जाने के रास्ते के बारे में पुछा एवं इसके बाद कृषक से दस रूपये मांगे। जिस पर कृषक ने उसे संत समझते हुये दस रूपये दे दिये। इतनी ही देर में साधु व ड्राईवर ने कृषक से और रूपयों के बारे में पुछते हुये उसके पास से जेब में रखे करीब 13 हजार रूपये जबरन छीन लिये। छीनाझपटी की घटना के दौरान वृद्ध किसान कार के शीषे पर लपक गया, लेकिन ड्राईवर ने कार भगा दी। जिससे कृषक कुछ ही दूरी पर नीचे गिरकर गंभीरावस्था में घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने परिजनों को सूचना देकर घायल बुजुर्ग को अस्पताल पहुंचाया। जहां से हालत बिगड़ने पर उसे उपचार के लिये कोटपूतली के जिला अस्पताल लाया गया। जहां पीड़ित का उपचार जारी हैं।

### मां देवयानी को अर्पित किए जा रहे पुराने वस्त्र

**सांभरझील।** प्रदेश भर में सभी तीर्थों की नानी के नाम से विख्यात मां देवयानी सरोवर में आस्था के नाम पर खिलवाड़ करने वाले श्रद्धालुओं का सिलसिल थमने का नाम नहीं ले रहा है। सरोवर में स्नान करने के बाद महिला और पुरुष श्रद्धालुओं की ओर से वस्त्र बदलकर पुराने वस्त्रों को घाट पर छोड़ दिया जाता है अथवा सरोवर में फेंक कर चले जाते हैं। इतना ही नहीं खुद की समस्या दूर करने के चक्कर में देवयानी मैया को पुराने वस्त्र अर्पित कर लगातार उसे दूषित किया जा रहा है। इससे मां देवयानी कैसे प्रसन्न होगी यह तो वही जाने लेकिन उनको इस प्रकार की क्रिया करने के लिए किसने राय दी यह समझ से परे है। वस्त्रों के अलावा पहने हुए जूते चप्पल भी यह सोचकर छोड़ जाते हैं कि अब उनकी काया का कष्ट दूर हो जाएगा लेकिन यह उसकी भ्रांति ही है। मां के आंचल को अपवित्र कर खुद के सुख की कामना करना एक प्रकार से उनकी मानसिक विकृति को ही दर्शाता है। इतना ही नहीं पूजा सामग्री के काम में आने वाली तमाम चीजें भी सरोवर में फेंक दी जाती है जो सरोवर में लगातार जमा हो रही है।

## ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कें ही विकास का माध्यम

- 5 करोड़ 14 लाख रूपयों की लागत से बनी 5.75 किमी लम्बी 4 सड़कों का किया उद्घाटन

**कोटपूतली।** क्षेत्रीय विधायक हंसराज पटेल सोमवार को विभिन्न गांवों के दौरे पर रहे। इस दौरान पटेल ने बतौर मुख्य अतिथि विभिन्न गांवों में 5 करोड़ 14 लाख रूपयों की लागत से नवनिर्मित 5.75 किमी लम्बी 4 सड़कों का उद्घाटन किया।

उक्त सड़कों में ग्राम बुचारा में मुख्य सड़क से ढ़ाणी चौटक्या स्थित राजकीय स्कूल तक 44 लाख रूपयों की लागत से बनी 1 किमी लम्बी, बुचारा बांध से बुड़लकिया की ढ़ाणी तक 2 करोड़ रूपयों की लागत से बनी 1.05 किमी लम्बी मिसिंग लिंक, इसी प्रकार खड़ब व नारेहड़ा में शिव भट्टा से खम्भा की ढ़ाणी तक 70 लाख रूपयों की लागत से बनी 1.75 किमी लम्बी मिसिंग लिंक व हनुमान मंदिर के पीछे से दादा की ढ़ाणी तक 2 करोड़ की लागत से बनी 01.05 किमी लम्बी मिसिंग लिंक आदि सड़कों को अनावरण पट्टीका का लोकार्पण करते हुये आमजन को सुपुर्द किया। पटेल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कें ही विकास का माध्यम हैं, जो कि प्रगति की पहली सीढ़ी होती हैं। इनके निर्माण से हजारों ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा होगी व जन जीवन को नई गति मिलेगी। आजादी के 78 वर्षो बाद जहां पक्की सड़कें नहीं थी वहां चौड़ी व मजबुत सड़कें पहुंच रही हैं। इनसे स्कूल आने जाने वाले विधार्थियों से लेकर बुजुर्गो, कृषकों व बीमारी की आपात स्थिति में ग्रामीणों को काफी लाभ होगा। पटेल ने कहा कि गांव-ढ़ाणी तक सड़क, घर-घर विकास के लक्ष्य के साथ कार्य कर रहे हैं। इस दौरान सरपंच प्रेमनाथ महाराज, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष सिद्धार्थ टोरडा, भाजपा नेता कैलाश स्वामी, भाजपा मंडल अध्यक्ष दाताराम शर्मा, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष कमल सैनी, सरपंच रंजू कंवर समेत आदि मौजूद रहे।

## 98.67 मतदाताओं को परिगणना प्रपत्र वितरित

- जिला निर्वाचन अधिकारी ने की की प्रगति की समीक्षा

**कोटपूतली।** जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के अंतर्गत मतदाता सूची को अद्यतन करने हेतु परिगणना प्रपत्रों का वितरण कार्य तेज गति से किया जा रहा है। निर्वाचन आयोग द्वारा उपलब्ध करवाई जा रही ऑनलाइन प्रपत्र भरने की सुविधा का मतदाता लाभ ले रहे हैं।

सोमवार को जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंका गोस्वामी ने भी अपना प्रपत्र स्वयं ऑनलाइन भरा और जिले के मतदाताओं से भी इस सुविधा का लाभ उठाने की कहा. उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशन में जिले के महाविद्यालयों और विद्यालयों सहित विभिन्न स्थानों पर शिविर लगाकर मतदाता को ऑनलाइन प्रपत्र भरने और एस आई आर-2026 की जानकारी देकर परिचितों को भी इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करने हेतु जागरूक किया जा रहा है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने अधिकारियों और चुनाव शाखा के कार्मिकों की बैठक लेकर जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 की प्रगति की समीक्षा करते हुए बीएलओ को परिगणना प्रपत्र वितरण एवं संठाहण के कार्य में गति लाने को कहा. साथ ही ईआरओ को कमजोर परफॉर्म करने वाले बीएलओ पर विशेष ध्यान देने और मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि कार्य में लापरवाही करने वाले बीएलओ के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही करें और समयबद्ध कार्य पूर्ण कराएं. ईआरओ नियमित रूप से फील्ड में जाएं और बीएलओ की समीक्षा सहित आमजन को के बारे में जागरूक करने का कार्य करे. सोशल मीडिया व प्रिंट मीडिया के माध्यम से अधिकाधिक मतदाता को गतिविधियों के बारे में बताए व ऑनलाइन परिगणना पपत्र भरने की प्रक्रिया के बारे में बताएं।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ओमप्रकाश सहारण ने विधानसभावार की प्रगति की समीक्षा करते हुए बताया कि जिले में कुल '9,75,219' मतदाताओं में से 17 नवंबर को सायं 4 बजे तक '9,62,255' मतदाताओं को परिगणना प्रपत्र वितरित कर दिए गए हैं। विधानसभा स्तर पर यदि वितरण की प्रगति देखी जाए तो कोटपुतली में '2,36,865' बहरोड़ विधानसभा में '2,32,709' बानसूर विधानसभा में '2,56,440' एवं विराटनगर विधानसभा में '2,36,241' परिगणना प्रपत्रो का वितरण कार्य पूरा किया गया है। वहीं जिले में 17 नवंबर को सायं 4 बजे तक '2,78,253' मतदाताओं को परिगणना प्रपत्र प्राप्त कर डिजिटाईज कर दिए गए हैं।

## किसानों ने मांगों को लेकर किया उपहास आंदोलन

**निवाई।** किसान महापंचायत के तत्वावधान में किसानों की मांगों को लेकर जिलाध्यक्ष गोपीलाल जाट के नेतृत्व में किसानों ने उपहास आंदोलन किया। किसान महापंचायत के उपाध्यक्ष शंकरलाल मीणा मूंडिया ने बताया कि किसानों के साथ हो रहे अत्याचार व किसानों की मांगों को लेकर किसान महापंचायत द्वारा कृषि उपज मंडी टोंक में सुबह 11 से 3 बजे तक उपवास आंदोलन किया गया। जिसमें सैंकडों किसानों ने उपवास रखा। 3 बजे बाद आंदोलन समाप्त करके एमएसपी गारंटी कानून, ईसरदा बांध का पानी नहरों द्वारा निवाई क्षेत्र को सिंचाई के लिए दिलवाने, आवारा जानवरों व सुअरों द्वारा किए जा रहे फसल नुकसान को रोकने, फसल खराबा का मुआवजा दिलवाने सहित 21 सूत्रीय मांगों को लेकर जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल को मुख्य मंत्री भजनलाल शर्मा के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष दशरथ सिंह पलेई, जिला उपाध्यक्ष सीताराम खादवाल आदि मौजूद रहे।

## आमुखीकरण कार्यक्रम हुआ आयोजित

**निवाई।** राजकीय उच्च मध्यमिक विद्यालय चैनपुरा में महिला अधिकारिता विभाग की विभिन्न योजनाओं का आमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित हुआ।

कार्यक्रम में कक्षा 8 से 12वीं तक की सभी बालिकाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने व विभाग की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने की जानकारी दी गई। निवाई ब्लॉक सुपरवाइजर मीरा चौधरी ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी दी। बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 की जानकारी देते हुए उसके दुष्परिणामों व मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह अनुदान योजना व पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान के बारे में जानकारी दी।

## 'युवाओं को सेवा का भाव व नेतृत्व का गुण सिखाती है स्काउटिंग'

**कोटपूतली।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की 19वीं नेशनल जम्बूरी 23 से 29 नवंबर 2025 तक लखनऊ में आयोजित हो रही है। इस राष्ट्रीय आयोजन के लिए कोटपूतली स्थानीय संघ से एकमात्र चयनित दल कल्याणपुरा कलां राजकीय विद्यालय का रहा। आठ स्काउट विद्यार्थी और स्काउट मास्टर राजवीर यादव के नेतृत्व में यह दल सोमवार को हरी झंडी के साथ रवाना किया गया। दल को मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कोटपूतली हिम्मत कौर, स्थानीय संघ सचिव रामबीर यादव और विद्यालय के प्रधानाचार्य दौलत राम वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

- 'स्काउटिंग का मूल लक्ष्य सेवा, अनुशासन और आत्मनिर्भरता है'



कल्याणपुरा कलां राजकीय विद्यालय की टीम को 19वीं नेशनल जम्बूरी, लखनऊ के लिए रवाना करती मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी हिम्मत कौर।

विदाई समारोह में अतिथियों ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि नेशनल जम्बूरी जीवन का अनमोल अवसर है, जो नेतृत्व, अनुशासन, राष्ट्रीय एकता और कौशल विकास की भावना को मजबूत करता है। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी हिम्मत कौर ने कहा कि आप सभी जिले का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। स्काउटिंग का मूल लक्ष्य सेवा, अनुशासन और आत्मनिर्भरता है। आप सब जम्बूरी में अपने उत्कृष्ट व्यवहार और कौशल से कोटपूतली का नाम रोशन करें।

स्थानीय संघ सचिव रामबीर यादव ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होना स्वयं में उपलब्धि है। यह अनुभव विद्यार्थियों को जीवनभर प्रेरित करेगा और स्काउटिंग के सिद्धांतों को उनके व्यक्तित्व में और मजबूत करेगा। प्रधानाचार्य दौलत राम वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यार्थियों को यह अवसर तभी मिलता है जब वे मेहनत, अनुशासन और समर्पण दिखाते हैं। विद्यालय परिवार को गर्व है कि हमारे स्काउट इस प्रतिष्ठित आयोजन में भाग ले रहे हैं। मुख्य अतिथि सरपंच विक्रम छाबडी का विशेष उद्बोधन सरपंच विक्रम छाबडी ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों का नेशनल जम्बूरी तक पहुँचना हमारे क्षेत्र की प्रतिभा और क्षमता को दर्शाता है। स्काउटिंग युवाओं को जीवन जीने का सलीका, सेवा का भाव और नेतृत्व का गुण सिखाती है। आप सभी वहां अनुशासन के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करें और अपने गांव-क्षेत्र का गौरव बढ़ाएं। उन्होंने विद्यार्थियों को स्काउट यूनिफॉर्म प्रदान कर उत्साह बढ़ाया।कार्यक्रम में सुरेश ने स्काउट विद्यार्थियों को स्वेटर और टोपी प्रदान कर मनोबल बढ़ाया। सहायक सचिव कमलेश कुम्हार, एवं सहायक सचिव सीताराम बंसल, स्काउट मास्टर रोहिताश सैनी ने विद्यार्थियों को अंतिम चरण का प्रशिक्षण व स्काउटिंग के आवश्यक गुर सिखाए।

## प्रतियोगिता में अव्वल प्रतिष्ठान मालिकों को किया सम्मानित

**शाहपुरा।**शाहपुरा शहर में व्यापार महासंघ की ओर से दीपावली पर्व पर कराई गई सजावट प्रतियोगिता में अव्वल आने वाले प्रतिष्ठान मालिकों को सोमवार को थाना परिसर में थाना प्रभारी प्रिया चौधरी के मुख्य अतिथि में सम्मानित किया गया। अध्यक्षता शाहपुरा व्यापार महासंघ अध्यक्ष राजकुमार अठावाल ने की। मुख्य अतिथि थाना प्रभारी प्रिया चौधरी ने कहा कि दीपावली पर पर शहर में सजावट प्रतियोगिता कराई जाने से व्यापारियों में उत्साह बना रहता है। ऐसे कार्यक्रम प्रतिवर्ष होते रहना चाहिए। व्यापार महासंघ अध्यक्ष राजकुमार अठावाल ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान प्रथम स्थान पर आने वाले हनुमंत प्लाजा व एसएल टावर, दूसरे स्थान पर आने वाले भगेरिया सदन तथा तृतीय स्थान पर आने वाले तंवर प्लाजा सहित सांत्वना पुरस्कार की श्रेणी में अपना स्थान बनाने वाले रजनीश हॉस्पिटल,रूडला हॉस्पिटल, महाराजा टेलीकॉम, गिरधर होटल, जगदंबा पैराडाइज, श्रीराम साड़िज, मनोज कुमार अशोक कुमार क्लॉथ मर्चेंट को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डॉ वैभव शर्मा, डॉ स्मृद्धि शर्मा, पूर्व जिला योजना समिति सदस्य राजेंद्र पलसानिया, पार्षद गिरधारी लाल पलसानिया, मिष्ठान संघ अध्यक्ष विजय अग्रवाल, किरण संघ अध्यक्ष संतोष कुमार अग्रवाल, सीए रवि बंसल, बिल्ली चंद गुर्जर आदि मौजूद रहे।

## चोरों ने सनातन संस्कृत विद्यालय को तीसरी बार बनाया निशाना



श्री राजकीय उच्च प्राथमिक सनातन संस्कृत विद्यालय चोरी होने के बाद मौका मुआयना करती पुलिस।

**निवाई।** श्री राजकीय उच्च प्राथमिक सनातन संस्कृत विद्यालय को अज्ञात चोरों ने लगातार तीसरी बार निशाना बनाया है। प्रधानाध्यापक ने बताया कि रविवार की रात को अज्ञात चोरों ने विद्यालय में तीसरी बार चोरी की है।

